डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 161 | पेज: 8 | जयपुर, बुधवार, 21 मई 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

# नया कीर्तिमान, हिमाचल परिवहन विभाग ने एक साल में की 912 करोड़ की कमाई



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के परिवहन विभाग ने राजस्व अर्जन में नया रिकॉर्ड कायम करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 912 करोड़ रुपये की कमाई की है। यह आय पिछले वर्ष की तुलना में 132 करोड़ रुपये अधिक है। रविवार को प्रेसवार्ता में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष के अंत तक यह आंकड़ा 1000 करोड़ रुपये पार कर जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते एक वर्ष में प्रदेश में 1.5 लाख नए वाहन पंजीकृत हुए हैं जिससे कुल पंजीकृत वाहनों की संख्या 23 लाख के पार पहुंच गई है। वहीं इस दौरान एक लाख नए ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए हैं और अब तक कुल 16 लाख लाइसेंस प्रदेश में एक्टिव हैं।

**फैंसी नंबरों की ई-नीलामी बनी बड़ी आय का स्रोत:** परिवहन विभाग की आय बढ़ाने में फैंसी नंबरों की ई-नीलामी ने अहम भूमिका निभाई है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले ये नंबर सिफारिश के आधार पर जारी होते थे। लेकिन अब पारदर्शी व्यवस्था के तहत इनकी ऑनलाइन नीलामी की जा रही है। इस व्यवस्था से विभाग को बीते वर्ष 37 करोड़ रुपये की आय हुई है। कुछ विशेष नंबर 20 से 25 लाख रुपये तक में नीलाम हुए हैं।

**बाहर से आने वाली बसों पर स्पेशल टैक्स से हुई 17 करोड़ की आय:** उप मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र की नई परिवहन नीति के चलते बाहर से आने वाली बसों को रोकना अब चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में राज्य सरकार ने इन पर विशेष रोड टैक्स लगाया है। इससे अब तक 17 करोड़ रुपये की आय हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जिन वाहनों ने अब तक टैक्स नहीं चुकाया है वे अब उत्पाद शुल्क विभाग से एनओसी लेकर टैक्स अदा कर सकते हैं।

### प्रदेश को मिले राष्ट्रीय अवॉर्ड, केंद्र से मिली 28.71 करोड़ की राशि

प्रदेश को परिवहन क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए लगातार दूसरे वर्ष केंद्र सरकार से पुरस्कार मिला है। पिछले वर्ष जहां 25 करोड़ की पुरस्कार राशि मिली थी वहीं इस वर्ष यह बढ़कर 28.71 करोड़ रुपये हो गई है।

### 1000 नए वाहन उतरेंगे रूट पर, चार्जिंग स्टेशन और स्क्रैप सिस्टम की योजना

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन को और मजबूत करने की दिशा में परिवहन विभाग 1000 नए वाहनों को रूट पर उतारने की योजना पर काम कर रहा है। वर्तमान में 234 बसें, 350 सीट क्षमता वाली 181 बसें और 18 सीटर टेम्पो परिचालित हो रहे हैं। इसके अलावा 3000 निजी वाहन और 27 हजार परमिट भी जारी किए गए हैं। वहीं ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के 65 होटलों में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। इस वर्ष कुल 88 नए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना है। साथ ही सोलन और नादौन में दो स्क्रैपेज पॉलिसी आधारित वाहन स्क्रैपिंग केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश में सात नए ऑटोमैटिक वाहन परीक्षण केंद्र भी शुरू किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार



### संभल हिंसा में शामिल एक और गिरफ्तार, अब तक 84 आरोपियों को जेल भेज चुकी पुलिस

**संभल, एजेंसी।** यूपी के संभल में सदर कोतवाली पुलिस ने हिंसा में शामिल एक और आरोपी को रविवार सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बीते वर्ष शाही जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा में शामिल था और भीड़ में शामिल होकर पुलिस टीम पर पथराव किया था। आरोपी के न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

बीते वर्ष शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हिंसा हुई थी। जिसमें पुलिस व प्रशासनिक अफसरों समेत 29 पुलिसकर्मी घायल हुए थे और चार युवकों की मौत हुई थी। पुलिस भीड़ का हिस्सा बनकर पथराव और फायरिंग करने के मामले में 84 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अन्य आरोपियों की फोटो और वीडियो के आधार पर पहचान कराकर उन्हें पकड़ने के प्रयास में पुलिस जुटी है। हिंसा मामले में वांछित आरोपी शेर मोहम्मद निवासी कोट गर्वी ने भी भीड़ का हिस्सा बनकर हिंसा के दौरान पुलिस टीम पर पथराव किया था। आरोपी के न्यायालय से वारंट भी जारी हो चुके हैं। रविवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अमरीश कुमार ने बताया कि शेर मोहम्मद को उसके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### गुरुग्राम में सड़कों के किनारे कब्जा करने वालों की खैर नहीं




**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में बड़े पैमाने पर सड़कों किनारे किए गए अतिक्रमण की शिकायतें मिलने पर प्रशासन ऐक्शन मोड में नजर आ रहा है। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) और गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) ने इस मुद्दे को हल करने के लिए संयुक्त प्रयास किए हैं। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) और गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) ने शहर में जहां भी अतिक्रमण है उसे जल्द से जल्द हटाने के निर्देश दिए हैं। डीटीपी जीएमडीए आरएस बाठ के नेतृत्व में नगर निगम और जीएमडीए दोनों की इनफोर्समेंट टीमों ने हाल ही में बादशाहपुर चौक पर दो अभियान चलाए थे, जो कि मुख्य रूप से अतिक्रमण वाला क्षेत्र था। 500 मीटर के क्षेत्र में लगभग 50 अवैध रेहड़ियां हटाई गईं और फुटपाथों को, जो पूरी तरह से दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किए गए थे, पैदल चलने वालों के लाभ के लिए साफ किया गया।

**पार्किंग क्षेत्र बढ़ाया:** इसके अतिरिक्त, पार्किंग क्षेत्र को भी बढ़ाया गया क्योंकि विक्रेताओं द्वारा अवैध रूप से जगह पर कब्जा कर लिया गया था। अभियान से पहले, दोनों टीमों द्वारा तीन निरीक्षण दौरे किए गए और सभी दोषियों को उनके अवैध ढांचे और अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी जारी की गई।

### पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में यूपी का व्यापारी गिरफ्तार

**लखनऊ, एजेंसी।** जासूसी के आरोप में गिरफ्तारी हुई हरियाणा की यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा के बाद अब उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के लिए जासूसी करने के आरोप में रामपुर से एक व्यवसायी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान शहजाद के रूप में हुई है। उसे एसटीएफ की ओर से पाकिस्तान के लिए सीमा पार तस्करी और जासूसी गतिविधियों में शामिल होने की खुफिया जानकारी के आधार पर मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के अनुसार, शहजाद पाकिस्तान में अपने आकाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दे रहा था। एसटीएफ ने एक बयान में कहा कि शहजाद हाल के वर्षों में व्यापार के बहाने कई बार पाकिस्तान गया था।

## हैदरबाद को दहलाने की कोशिश कर रहे थे आईएसआईएस के आतंकी, पकड़े गए रहमान और समीर



**हैदरबाद, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश पुलिस और तेलंगाना पुलिस ने एक संयुक्त अभियान के तहत हैदराबाद में धमाके की योजना बना रहे आतंकियों की साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस कि संयुक्ति टीम ने दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि विजयनगरम के सिराज उर रहमान (29) को एक गुप्त सूचना के आधार पर हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान रहमान के परिसर से अमोनिया, सल्फर और एल्युमीनियम पाउडर सहित विस्फोटक जब्त किए गए। पुलिस ने बताया, 'जांच के दौरान रहमान द्वारा किये गए खुलासे के आधार पर हैदराबाद से एक अन्य व्यक्ति सैयद समीर (28) को हिरासत में लिया गया।' इन लिंक आईएसआईए के मॉड्यूल से बताया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी हिरासत में हैं और उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग और सतर्कता बरतने का आग्रह किया। पहलगाम हमले के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियां सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। एनआईए ने शुक्रवार को पंजाब के 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। पंजाब पुलिस गैंगस्टर हैप्पी से जुड़े ठिकानों की तलाशी ले रही थी। हैप्पी का लिंक पाकिस्तान में खालिस्तानी आतंकी हरविंदर सिंह उर्फ रिंडा से हैं। हैप्पी पर पंजाब में कई ग्रेनेड अटैक करवाने का भी आरोप है। एनआईए ने मुंबई में आईएसआईएस के स्लीपर मॉड्यूल के दो फरार सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है।

एजेंसी ने बताया कि इनकी पहचान अब्दुल्ला फैयाज शेख उर्फ डायपरवाला और तल्हा खान के रूप में की गई है। ये दोनों ही जकार्ता से भारत लौट रहे थे तभी मुंबई एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया। जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सीआरपीएफ, एसओजी और सेना के जॉइंट ऑपरेशन में आतंकियों के दो मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से पिस्तौल, ग्रेनेड, 43 राउंड कारतूस और अन्य गोला बारूद जब्त किया गया है। शोपियां पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके आगे की जांच शुरू करदी है।

## मुंबई-गोवा हाईवे पर जगबुडी नदी में गिरी कार, 5 लोगों की मौत



**रत्नागिरी , एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुंबई-गोवा हाईवे पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक कार जगबुडी नदी में गिर गई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और ड्राइवर घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी लोग मुंबई के मिरा रोड से रत्नागिरी के देवरुख में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तभी कार चालक का मुंबई-गोवा हाईवे पर जगबुडी नदी के पास नियंत्रण बिगड़ गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार में सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इससे पहले, 28 अप्रैल को महाराष्ट्र के भंडारा में एक सड़क हादसा सामने आया था, जहां चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। यह भीषण दुर्घटना मुंबई-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भंडारा शहर के निकट बेला गांव में हुई थी। एक बोलेरो गाड़ी रायपुर से नागपुर की ओर जा रही थी। जब गाड़ी बेला गांव के पास पहुंची, तभी नागपुर की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के समय गाड़ी में पांच लोग सवार थे, जिनमें से चार लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। बीते दिनों महाराष्ट्र में हादसों में कई दुर्घटनाएं सामने आई हैं। 18 अप्रैल को भी मुंबई के चेंबूर इलाके में बीएमसी का कचरा ट्रक ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर पलट गया था। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई थी, जबकि दो लोग घायल हुए थे।

## जम्मू-कश्मीर के शोपियां में हथियार और गोला-बारूद के साथ आतंकी गतिविधियों से जुड़े दो लोग को गिरफ्तार किया गया




**श्रीनगर , एजेंसी।** जम्मू एवं कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकी गतिविधियों से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। शोपियां जिले की पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया, आतंकवाद के खिलाफ एक उल्लेखनीय अभियान में एसओजी शोपियां, सीआरपीएफ 178 बीएन और 34 आरआर के संयुक्त टीम ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उनकी तलाशी लेने पर 4 हथगोले, 2 पिस्तौल, 43 जिंदा कारतूस और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। दोनों के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की गई।

संयुक्त बलों ने पूरे केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादियों, उनके ओवरग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) और उनके समर्थकों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है।

ये ऑपरेशन सेना, पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जाते हैं। पिछले सप्ताह शोपियां और पुलवामा जिलों में दो लगातार अभियानों में छह आतंकवादी मारे गए थे। मारे गए आतंकवादियों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का ऑपरेशनल कमांडर भी शामिल था। 22 अप्रैल को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने पहलगाम में एक स्थानीय नागरिक सहित 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी।

इस आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान-पीओके में घुसकर एयर स्ट्राइक की थी और आतंकियों के 9 ठिकानों का ध्वस्त किया था। भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। पाक की ओर से जम्मू एवं कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर अंधाधुंध मोर्टार गोलाबारी की गई।

पुंछ, राजौरी, बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में पाकिस्तान की ओर से की गई गोलाबारी से कई घरों और दुकानों को नुकसान हुआ। हालांकि, पाकिस्तान की ओर से हो रहे हमलों का भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया। आखिरकार, भारत के सामने पाकिस्तान को झुकना पड़ा और सीजफायर की पहल की। 12 मई को भारत-पाक के बीच सीजफायर हुआ। हालांकि, पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया। लेकिन, सीमा पर कुछ दिनों से शांति है। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह सीजफायर तभी तक कायम रहेगा जब तक पाकिस्तान अपनी धरती से आतंकवादी गतिविधियों पर लगाम नहीं लगा लेता।

## मैंने 2019 में भाजपा को सत्ता में आने से रोका इसलिए ईडी ने मुझे गिरफ्तार किया: संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (उबाठा) के नेता संजय राउत ने दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कथित धन शोधन के मामले में उन्हें गिरफ्तार किए जाने के पीछे मुख्य कारण यह था कि उन्होंने 2019 में महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता में आने से रोका था। राउत ने अपनी पुस्तक नरकतला स्वर्ग (नरक में स्वर्ग) में यह भी दावा किया कि उनके खिलाफ कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि वह उस वर्ष सत्ता में आई उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास अघाडी (एमवीए) सरकार की सुरक्षा दीवार थे।



यह पुस्तक राउत के जेल में बिताए अनुभवों के बारे में है, जब ईडी ने 2022 में उन्हें ठाकरे सरकार के गिरने के तुरंत बाद कथित धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। हालांकि बाद में राउत को जमानत मिल गई थी। उन्होंने कहा, मेरे खिलाफ (ईडी की) कार्रवाई के पीछे मुख्य कारण यह था कि मैंने भाजपा को सत्ता में आने से रोका। मैं ठाकरे सरकार को बचाने के लिए एक सुरक्षा दीवार की तरह खड़ा था। उसके बाद ठाकरे सरकार गिर गई। राउत ने दावा किया, (एकनाथ) शिंदे सरकार असंवैधानिक तरीकों से बनी थी। शिंदे और (तत्कालीन उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस) दोनों एक बात पर सहमत रहे होंगे कि अगर सरकार को काम करना है, तो राउत को सलाखों के पीछे होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बात से आहत थी कि उसे 105 सीट (2019 के विधानसभा चुनावों में 288 सदस्यीय विधानसभा में) जीतने के बावजूद विपक्ष में बैठना पड़ा था। राउत ने दावा किया, शिवसेना के शरद पवार की अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से हाथ मिलाने के बाद भाजपा को विपक्ष में बैठना पड़ा। भाजपा ने मुझे ही कारण माना कि वह 2019 में महाराष्ट्र में सरकार नहीं बना सकी। भाजपा को हमेशा इसका अफसोस रहा।

भाजपा और शिवसेना ने 2019 का विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ा था लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर विवाद के कारण शिवसेना ने भाजपा से नाता तोड़ लिया था। बाद में शिवसेना, कांग्रेस और (अविभाजित) राकांपा वाले महाविकास अघाडी गठबंधन का हिस्सा बन गई और गठबंधन सरकार का नेतृत्व ठाकरे ने किया। भाजपा के कटु आलोचक माने जाने वाले राज्यसभा सदस्य ने कहा कि पूर्व सहयोगी दल 2019 में उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री के रूप में नहीं देख सकता था इसलिए भाजपा नेता ने उनकी सरकार को गिराने की साजिश रची। उन्होंने कहा कि सरकार के पास 170 विधायकों का बहुमत होने के कारण यह संभव नहीं था कि उनका ऑपरेशन लोटस सफल हो। राउत ने कहा, यही कारण है कि केंद्रीय एजेंसियां युद्ध के मैदान में उतरीं। अनिल देशमुख, नवाब मलिक और संजय राउत को लक्ष्य बनाया गया।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## BSP का संकट...

BSP सुप्रीमो मायावती अपने फैसलों से सभी को चौंकाती रही हैं और भतीजे आकाश आनंद को पार्टी का चीफ नैशनल कोऑर्डिनेटर बनाकर उन्होंने एक बार फिर यही किया है। हालांकि सियासी मजबूरी में लिए गए इस निर्णय से पार्टी के भीतर का असमंजस और संकट भी सामने आ गया है।

समर्थकों में सवाल: पिछले एक साल के भीतर आकाश दो बार पद गंवा चुके हैं और दो बार उनकी वापसी हो चुकी है। उनकी हर वापसी पहले से ज्यादा दमदार रही। इस बार तो उनके लिए मायावती ने नया पद ही बना दिया। आकाश आनंद को लेकर पहले जैसा घमासान मचा था और अब जिस तरह से उनकी वापसी हुई है, उससे BSP समर्थकों के मन में कई सवाल जरूर होंगे।

विकल्प का अभाव: दलित राजनीति में मायावती आज भी बड़ा नाम हैं। लेकिन, यह भी सच्चाई है कि हर नेता का वक्त होता है और उसे समय रहते अपना उत्तराधिकारी तैयार करना पड़ता है। लगता है कि मायावती इसके लिए पूरी तरह से मन नहीं बना पा रही हैं। पार्टी का एकमात्र चेहरा वह खुद हैं। उनके बाद दूसरी कतार के ज्यादातर नेता पार्टी छोड़कर जा चुके हैं या निष्कासित कर दिए गए हैं। मायावती ने अपना कोई विकल्प कभी उभरने नहीं दिया। ऐसे में आकाश की वापसी के अलावा कोई रास्ता नहीं था।

नई पीढ़ी से दूरी: मायावती पार्टी को अपनी विशिष्ट शैली में चलाती हैं, समर्थकों से संवाद करने का उनका अपना तरीका है। हालांकि सोशल मीडिया के दौर में वोटर्स की जो नई पीढ़ी आई है, वह उस पुराने तरीके से शायद BSP से कनेक्ट नहीं कर पा रही। उसने बहुजन आंदोलन के संघर्ष को नहीं देखा है। चुनावों को छोड़कर, बाकी वक्त में पार्टी सक्रिय विपक्ष की भूमिका में नहीं दिखती - न उसने पिछले काफी समय से कोई बड़ा आंदोलन किया है।

गिरता वोट शेयर: कन्फ्यूजन में घिरी BSP चुनावों में उतरती तो है, लेकिन अब टक्कर देती हुई नहीं दिखती। पिछले एक दशक में उसका वोट शेयर लगातार नीचे आया है। 2019 आम चुनाव में पार्टी ने जब समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया था, तब उसका वोट शेयर 19.2% था और 10 सीटें मिली थीं। 2024 में अकेले चुनाव लड़ने उतरी BSP का वोट शेयर केवल 9.3% रह गया और खाता भी नहीं खुला। इसी तरह, 2022 के विधानसभा चुनाव में 12.8% वोट मिले थे। BSP के वोटर पार्टी के प्रति समर्पित माने जाते हैं। लेकिन, आंकड़े बताते हैं कि यह कोर वोटबैंक भी मायावती से दूर जा रहा है और इसका फायदा मिल रहा है BJP व समाजवादी पार्टी को।

# एआई की याददाश्त को बढ़ाने पर दिया जा रहा है जोर

## पिछले पखवाड़े में एआई क्षेत्र में आए महत्वपूर्ण बदलावों पर एक विस्तृत नज़र



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व तेजी देखी जा रही है। ओपन-एआई, गूगल, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट जैसी प्रमुख कंपनियाँ एआई विकास की दौड़ में आगे निकलने के लिए लगातार नई तकनीकों और मॉडलों पर काम कर रही हैं। जहां एक ओर एआई मॉडल्स की "मेमोरी क्षमता" को बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर रोबोटिक्स, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और एथिकल एआई जैसे क्षेत्रों में भी बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। आइए बीते पखवाड़े की कुछ प्रमुख एआई गतिविधियों पर एक विस्तार से नज़र डालते हैं:

1. ओपन-एआई का नया कोडिंग एजेंट Codex: डेवलपर्स के लिए वरदान
ओपन-एआई ने "Codex" नामक एक नया एआई कोडिंग एजेंट लॉन्च किया है। यह कोडिंग, डिबगिंग और कोडबेस विश्लेषण जैसे कार्यों में दक्ष है। यह Codex-1 मॉडल पर आधारित है और फिलहाल ChatGPT के Pro, Team और Enterprise यूजर्स के लिए उपलब्ध है। इसका उद्देश्य डेवलपर्स की उत्पादकता को कई गुना बढ़ाना है, खासतौर पर जटिल कोडिंग कार्यों को सरल बनाकर। Codex, GPT तकनीक पर आधारित होते हुए भी विशेष रूप से सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के लिए अनुकूलित है। यह यूजर से टेक्स्ट में मिले इनपुट के आधार पर कई प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेज में कोड जेनरेट कर सकता है। इसके पीछे ओपन-एआई की रणनीति साफ है — टेक्निकल कार्यों में एआई की भागीदारी बढ़ाकर उसे एक उपयोगकर्ता-अनुकूल उपकरण बनाना।

2. मेटा का Behemoth मॉडल: अस्थायी विराम, संभावनाओं की उड़ान
मेटा प्लेटफॉर्म्स ने अपने अत्याधुनिक एआई मॉडल "Behemoth" की रिलीज़ को फिलहाल स्थगित कर दिया है। यह मॉडल कंपनी की LLaMA (Large Language Model Meta AI) श्रृंखला का हिस्सा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह निर्णय मॉडल की क्षमताओं में और सुधार लाने तथा रिसर्च गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया है। हालांकि, इस देरी से कंपनी के शेयरों में 2.4% की गिरावट देखी गई और एआई डिवीजन में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें भी सामने आई हैं। लेकिन मेटा की यह रणनीति संकेत देती है कि कंपनी अपने एआई उत्पादों को अधपका बाजार में नहीं उतारना चाहती, बल्कि परिपक्व तकनीक ही उपयोगकर्ताओं को सौंपना चाहती है।

3. एआई सिस्टम्स में मेमोरी का विकास: एआई को दी जा रही 'याददाश्त'
सबसे महत्वपूर्ण रुझानों में से एक है — एआई में मेमोरी या 'स्मरण शक्ति' का विकास। अब कंपनियां अपने चैटबॉट्स और एआई सहायक उपकरणों को इस प्रकार प्रशिक्षित कर रही हैं कि वे उपयोगकर्ताओं के पिछले वार्तालापों, प्राथमिकताओं और व्यवहार पैटर्न को याद रख सकें। ओपन-एआई का ChatGPT अब यूजर की पिछली बातचीतों को 'स्मृति' में रख सकता है और उनसे जुड़े संदर्भों को बाद की बातचीत में उपयोग कर सकता है। गूगल का Gemini मॉडल यूजर्स की सर्च हिस्ट्री को उपयोगी संदर्भ के तौर पर उपयोग करता है। मेटा के AI सिस्टम्स यूजर प्रोफाइलिंग और लंबे संवादों को समझने में पहले से कहीं अधिक सक्षम हो गए हैं। इस प्रयास का मकसद है — बातचीत को अधिक 'व्यक्तिगत' और 'स्वाभाविक' बनाना, जिससे यूजर एआई के साथ लंबे समय तक जुड़ाव महसूस करे।

4. चीन का ह्मनॉइड प्रोजेक्ट: 20 अरब डॉलर का एआई दांव
चीन ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए एआई-संचालित ह्मनॉइड रोबोट्स पर बड़ा दांव खेला है। AgiBot और MagicLab जैसे स्टार्टअप्स को सरकारी फंडिंग के जरिए रोबोट्स विकसित करने में मदद मिल रही है, जो फैक्ट्रियों में असेंबली, गुणवत्ता नियंत्रण और जटिल निर्णय लेने जैसे कार्यों में कुशल हैं। चीन सरकार ने इस क्षेत्र में 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है। यह कदम न केवल चीन के औद्योगिक उत्पादन को तेज करेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर एआई आधारित मैन्युफैक्चरिंग प्रतिस्पर्धा को भी नई दिशा देगा।

5. गूगल का Gemini Robotics: 'एंबेडेड रीजनिंग' से लैस एआई
गूगल डीपमाइंड ने "Gemini Robotics" नामक एक नया मॉडल पेश किया है, जिसे खासतौर पर रोबोटिक्स अनुप्रयोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी खासियत यह है कि यह मॉडल बिना पूर्व प्रशिक्षण के नए वातावरण और कार्यों को समझने और निष्पादित करने की क्षमता रखता है। Gemini Robotics का ER (Embedded Reasoning) वर्जन इसे और अधिक स्मार्ट बनाता है, जिससे रोबोट्स निर्णय लेने और वातावरण में बदलाव के आधार पर अपनी रणनीति बदलने में सक्षम होते हैं।

6. मेटा का 'वॉटरवर्थ प्रोजेक्ट': समुद्र के नीचे 10 अरब डॉलर की एआई लाइन
मेटा ने "Waterworth Project" नामक एक मेगा-इन्फ्रास्ट्रक्चर योजना की घोषणा की है, जिसमें 10 अरब डॉलर की लागत से समुद्र के नीचे केबल बिछाई जाएगी। यह केबल अमेरिका, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका को जोड़ेगी। इस परियोजना का उद्देश्य एआई और इंटरनेट डेटा ट्रैफिक की भारी मांग को पूरा करना है। भारत के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे देश में तेज़ क्लाउड सेवाएं, उच्च गति डेटा एक्सेस और वैश्विक डिजिटल इकोनॉमी में अधिक भागीदारी सुनिश्चित होगी।

7. भारत का एआई सुरक्षा संस्थान: स्वदेशी मॉडल्स को प्राथमिकता
भारत सरकार ने घोषणा की है कि वह एक "एआई सुरक्षा संस्थान" की स्थापना करेगी। इसका उद्देश्य भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में एआई के नैतिक, सुरक्षित और उत्तरदायी उपयोग को सुनिश्चित करना है। यह संस्थान भारतीय डेटा सेट्स और भाषाई विविधताओं को ध्यान में रखते हुए रिसर्च को बढ़ावा देगा। साथ ही, यह भारत में तैयार हो रहे एआई मॉडल्स की पारदर्शिता और जवाबदेही को भी सुनिश्चित करेगा।

8. यूएई का एआई कैंपस: अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा केंद्र
संयुक्त अरब अमीरात ने एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए अमेरिका के बाहर दुनिया का सबसे बड़ा एआई कैंपस स्थापित करने के लिए समझौता किया है। यह कैंपस अबू धाबी में स्थापित होगा और इसमें हर साल NVIDIA के पांच लाख एआई चिप्स तक की पहुंच होगी। इस कैंपस का उद्देश्य है — एआई रिसर्च, विकास और प्रशिक्षण को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना। यह पहल यूएई को एआई सुपरपावर के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

## सामरिक चुनौती

डॉ. एल.एस. यादव




# रक्षा बजट को बढ़ाना होगा

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियां बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। भारत का रक्षा तंत्र भी इसको समझ चुका है, इसीलिए रक्षा मंत्रालय ने सरकार को 50000 करोड़ रुपये का रक्षा फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। उम्मीद की जा रही है कि भारत की केन्द्र सरकार रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी कर सकती है क्योंकि यह समय की जरूरत भी है। यदि यह प्रस्ताव मान लिया जाता है तो भारत का कुल रक्षा बजट सात लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि एक फरवरी 2025 को पेश किए गए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रक्षा क्षेत्र के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए थे। नई बढ़ोत्तरी होने से यह धनराशि 7.31 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। निश्चित है कि इस राशि को खर्च करके रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान की जा सकेगी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आवंटित 6.81 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे। इस हिसाब से रक्षा बजट में इस साल के लिए 9.5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई थी क्योंकि भारत के दो रक्षा मोर्चों पर चुनौतियां ज्यादा बढ़ गई थीं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह अनुभव हुआ कि रक्षा चुनौतियां और ज्यादा बढ़ गई हैं जिनसे निपटने के लिए अब और अधिक रक्षा संसाधनों की जरुरत है। इसीलिए रक्षा बजट में 50000 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी किया जाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यदि इसे मान लिया जाता है तो इससे अत्याधुनिक हथियारों की खरीद व नवीनतम हथियारों का उत्पादन देश में भी बढ़ाया जा सकेगा। ऐसा होने पर भारत दोनों मोर्चों पर सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सक्षम हो सकेगा। पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों और उनके सरगनाओं पर कड़ा प्रहार करके पाक अधिकृत कश्मीर के तकरीबन नौ आतंकवादी ठिकाने ध्वस्त कर दिए। इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर जवाबी हमले प्रारम्भ कर दिए तो भारत ने इनका भी मुहंतोड़ जवाब देते हुए उनके कई सामरिक अड्डे ध्वस्त कर दिए। इस तरह भारत की सैन्य ताकत को संसार के सभी देशों ने देखा और जाना कि भारत से टकराव का अंजाम क्या होगा। यह बात सभी को मालूम है कि भारत की सामरिक बढ़त उसकी मजबूत सामरिक तैयारी के कारण प्राप्त हुई। विदित हो कि बीते कुछ वर्षों में भारत ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान करने के लिए स्वदेशी रक्षा उत्पादन एवं आवश्यक आधुनिकतम रक्षा हथियारों की खरीद करके अपने सैन्य ढांचे को मजबूती प्रदान की है। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान से निपटने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रूस के एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम, बराक-8 मिसाइल सिस्टम, स्वदेश निर्मित आकाशतीर मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा था। इसके अलावा पिचैरा और लो लेवल एयर डिफेंस गन की तैनाती ने बेहतरीन ढंग से मदद की। इस तरह भारत के मल्टी लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल सहित सभी तरह के आक्रमणों को बेअसर कर दिया। चीन ने पाकिस्तान को जो घातक हथियार दिए थे, पाकिस्तान ने उनका भारत के विरुद्ध प्रयोग किया लेकिन वे भी पाकिस्तान के काम नहीं आए। गौरतलब है कि चीन ने पाकिस्तान को जे-10 सी लड़ाकू विमान व उसमें लगी पीएल-15 किस्म की दी थीं। इनके अलावा परमाणु बम दागने वाली एसएच-15 तोप व घातक किलर ड्रोन भी दिए थे। इन सबका पाकिस्तान ने जमकर प्रयोग करते हुए भारत की जमीन को चीनी हथियारों का परीक्षण केन्द्र बनाया लेकिन सब असफल रहा। इसलिए अब संभावना यही बन रही है कि भविष्य में जब कभी भारत का चीन या पाकिस्तान से टकराव होगा तो ये दोनों देश एक साथ मिलकर भारत के सामने होंगे क्योंकि चीन ने पाकिस्तान को नई सैन्य मदद देने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की चीन से अत्याधुनिक एवं पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जे-35 खरीदने की योजना है। चीन पाकिस्तान की नौसेना को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक वाली हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी और हाइपरसोनिक मिसाइलें भी देना चाह रहा है। निश्चित रूप से इस सहयोग का मकसद भारत के मुकाबले पाकिस्तान की ताकत को मजबूत करना है। ऐसे में भारत का रक्षा बजट बढ़ाया जाना समय की जरूरत है। इसके तहत रक्षा तैयारियों को नई गति देते हुए सरकार ने ब्रह्मोस, आकाश सहित अन्य स्वदेशी मिसाइलों व दूसरी प्रमुख उन्नत किस्म की स्वदेशी हथियार प्रणालियों में तेजी लाने को लिए संबंधित रक्षा कंपनियों को निर्देश दे दिए हैं। ऑपरेशन सिंदूर से यह स्पष्ट हो गया है कि आधुनिक युद्धों में इन्हीं हथियारों की प्रमुख भूमिका होगी। ऐसे में बढ़ाया जाने वाला रक्षा बजट इन्हीं क्षेत्रों में खर्च होने की संभावना होगी।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते, क्योंकि अपने अस्तित्व के बिना यह विस्मरण भी बिल्कुल ही असंभव है।

# आइस्क्रीम की एक डिश



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया । उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए । हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनोफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम 'मलेरिया का अंत हमारे साथ : पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति' रखी गई थी, जिसका निहितार्थ यह है कि मलेरिया को समाप्त करने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है।

*– प्रतीक पटले, भाटापारा*

## ट्रेंड

### वैज्ञानिक समुदाय को क्षति



पद्म विभूषण डॉ. एम.आर. श्रीनिवासन का निधन भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के पीछे एक दूरदर्शी व्यक्ति, उनके नेतृत्व ने हमारे परमाणु भविष्य को आकार दिया।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### बलूचिस्तान सबसे उपेक्षित




पाकिस्तान का सबसे बड़ा और सबसे अधिक संसाधन संपन्न प्रांत होने के बावजूद, बलूचिस्तान इसका सबसे उपेक्षित और अविकसित क्षेत्र बना हुआ है। एक विरोधाभास जो दशकों के व्यवस्थित आर्थिक और राजनीतिक शोषण को दर्शाता है।
-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### स्कूली शिक्षा पर ध्यान दें



सरकारी स्कूलों के हालात यूपी व बिहार में यह अति-दयनीय होने से बहुजन गरीब परिवारों का बहुप्रतीक्षित विकास बाधित व इनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय। ऐसे में स्कूली शिक्षा पर ध्यान देकर इन्हें बंद करने के बजाय प्रोत्साहन जरूरी।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### नशा-विरोधी मुहिम



टीएसी की बैठक में पहला एजेंडा आदिवासी बहुल गांवों में शराब की दुकानें एवं बार खोलने का लाइसेंस देने का है। अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत, मैंने नशा-विरोधी मुहिम से की थी और झारखंड की युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में धकेलने की इस कोशिश का पुरजोर विरोध होगा।
-चंपई सोरेन, पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर


# लैंटर्नफ्लाई के प्रसार को रोकने में मददगार बने प्रशिक्षित कुत्ते



पत्तों पर रहकर पौधों को नुकसान पहुंचाने वाला चित्तीदार लैंटर्नफ्लाई' वह कीट है जिसे एक दशक पहले पहली बार अमेरिका में देखा गया था। हालांकि, अब यह ईस्ट कोस्ट और मिडवेस्ट में फैल चुका है। शोधकर्ता इसके प्रसार को धीमा करने के लिए एक नया हथियार इस्तेमाल कर रहे हैं। यह हथियार कुछ और नहीं बल्कि कुत्ते हैं। विशेष रूप से प्रशिक्षित कुत्ते इस कीट के अंडों को फूटने से पहले ही सूंघ सकते हैं। एक अंडे से 30 से 50 चित्तीदार लैंटर्नफ्लाई उत्पन्न हो सकती हैं। क्लीवलैंड मेट्रोपार्क्स प्रबंधक कोनी हॉसमैन ने बताया कि अब तक कुत्तों ने 4,000 से अधिक अंडों को ढूंढा है, यानि इनसे पैदा होने वाले 2,00,000 कीटों को खत्म करने में मदद मिली है। हॉसमैन ने बताया कि अप्रैल में कुछ ही घंटों में कुत्तों ने क्लीवलैंड मेट्रोपार्क्स चिड़ियाघर में लगभग 1,100 अंडे के ढेर खोज निकाले। उन्होंने कहा, 'कोई भी मामूली कुत्ता इन अंडों को नहीं ढूंढ सकता है। ऐसे विशेष कुत्तों की सूंघने की क्षमता अद्भुत होती है और उन्हें अपनी सेवा साबित करने के लिए कई परीक्षा पास करनी पड़ती है।' इन कुत्तों को वर्जीनिया टेक विश्वविद्यालय के एक समूह के नेतृत्व में एक शोध परियोजना के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया था।

## ऑफ बीट

# बोरियत खराब मानी जाती है विज्ञान लाभकारी मानता है



हम सभी ने उदासी और उबाऊ स्थितियों का सामना किया है जिसमें रुचियों को लेकर उदासीनता की स्थिति होती है और मानसिक प्रोत्साहन कम हो जाता है। अंततः जब हमारा ध्यान भटक जाता है तो हम विरक्त से हो जाते हैं। समय धीरे-धीरे बीतता हुआ प्रतीत होता है, और हम बेचैनी भी महसूस करने लगते हैं। चाहे वह कोई ऐसी फिल्म देखना हो जो निराश करती हो, कोई बच्चा शिकायत करता हो कि "करने के लिए कुछ नहीं है", या कोई वयस्क बैठक के दौरान ध्यान न दे रहा हो। कुल मिलाकर बोरियत एक सार्वभौमिक अनुभव है। सामान्यतः उबाऊपन या बोरियत को किसी वर्तमान गतिविधि में ध्यान या रुचि बनाए रखने में कठिनाई के रूप में परिभाषित किया जाता है और इसे आमतौर पर एक नकारात्मक स्थिति के रूप में देखा जाता है, जिसे हमें अनुभव करने से बचने या रोकने का प्रयास करना चाहिए। लेकिन क्या होगा अगर बोरियत को सकारात्मक स्थिति के रूप में देखने का कोई और तरीका हो? क्या बोरियत को अपनाना सीखना फायदेमंद हो सकता है? मस्तिष्क का तंत्र परस्पर जुड़े क्षेत्रों की एक प्रणाली है जो विभिन्न कार्यों का समर्थन करने के लिए एक साथ काम करते हैं। हम इसकी तुलना एक ऐसे शहर से कर सकते हैं जहां उपनगर (मस्तिष्क क्षेत्र) सड़कों (तंत्रिका मार्ग) से जुड़े हुए हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ पहाड़िया की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधायक हाकम अली, रूपिन्दर सिंह कुन्नर, विकास चौधरी, कांग्रेस के संगठन महासचिव ललित तूनवाल, महासचिव जसवंत गुर्जर, स्वर्णिम



चतुर्वेदी, विक्रमसिंह शेखावत, सचिव अय्यूब खान, तारा बेनीवाल, लीलावती वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने स्व. पहाड़िया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान ने शुरू किया 5000 परिंडे लगाने का अभियान

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। बढ़ती गर्मी के बीच पक्षियों को राहत देने के उद्देश्य से होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान ने परिंडे लगाने का महत्वपूर्ण अभियान शुरू किया है। इस अभियान का लक्ष्य 5000 परिंडे पेड़ों पर लगाना रखा गया है, जिसे जल्द ही पूरा किया जाएगा। फेडरेशन के अध्यक्ष हुसैन खान ने बताया कि यह अभियान पिछले वर्षों की तरह इस बार भी लगातार जारी रहेगा ताकि गर्मी के प्रचंड मौसम में पक्षियों को ठंडी छाँव और पानी उपलब्ध कराया जा सके। इस प्रयास से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ




पक्षियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष संदीप गोगिया, कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण अवतार, सीताराम शर्मा सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे और उन्होंने अभियान की सफलता के लिए अपनी पूरी सहभागिता जताई।

# बाबू अंसारी बने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के राजस्थान मीडिया प्रभारी

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार और सामाजिक न्याय संगठन ने राजस्थान में अपनी टीम को और सशक्त करते हुए बाबू अंसारी को राज्य का नया मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह (अलवर) ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बाबू अंसारी का सामाजिक कार्यों और पत्रकारिता के क्षेत्र में अनुभव संगठन की गतिविधियों को प्रदेशभर में फैलाने में सहायक होगा। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने उम्मीद जताई कि अंसारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता से करेंगे और संगठन के मूल उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। नव नियुक्त मीडिया



प्रभारी बाबू अंसारी ने संगठन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे यह ज़िम्मेदारी दी गई है और मैं संगठन के कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ आम जनता तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा एवं संगठन को नई बुलंदियों तक ले जाने में अपना पूरा योगदान दूंगा।

# महिला स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र का भव्य उद्घाटन

मनोहरपुर,(रॉयल पत्रिका)। महिला स्वरोजगार को समर्पित सामाजिक कार्यों में सक्रिय संस्था सेवार्थ फाउंडेशन द्वारा इस बार सीकर के साथ डेगाना में भी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। संस्था मीडिया प्रभारी श्रवण सिंह रोहिणा ने बताया कि ये शिविर लगातार संस्था लगा रही है। इस बार ये शिविर डेगाना के ग्रामीण क्षेत्र मांझी में लगाया गया है। फैशन डिजाइनर जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी इस में महिलाओं को प्रशिक्षण देगी इस आयोजन में मुख्य अतिथि समाजसेवी डायरेक्टर रचना इंटरनेशनल स्कूल रचना जोशी समाजसेवी शिक्षाविद् पूजा रहे जिन्होंने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया काफी संख्या में मातृशक्ति और बालिकाएं मौजूद रही । पूनम चौधरी ने केक काटकर सभी मातृशक्ति का मुंह मीठा करवाया रचना इंटरनेशनल ने अपने




उद्बोधन में कहा कि माजी में इस महिला स्वरोजगार के लिए पहला प्रयास है जिस से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को अच्छा अवसर मिलेगा।

सोशल एक्टिविस्ट पूजा ने बताया कि आजकल महिलाएं सोशल मीडिया से भी आराम से अपने प्रॉडक्ट का प्रचार कर सकती है। शिविर संचालिका पूनम चौधरी द्वारा सभी का मोमेंटो देकर स्वागत किया गया सेवार्थ फाउंडेशन से संरक्षक मंजू लाटा माया झिकनारिया करिश्मा शर्मा एडवोकेट पूनम बंशीवाल सुशीला खंडेलवाल प्रीति मिश्रा बासु कंवर डॉक्टर रेणु पाठक किशोर कंवर भैरव राठौड़ द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। मुख्य भामाशाह आनंद सिहोटिया फिल्मीस्तान फिल्म सिटी से पवन स्वामी है।

# ख्वाजा शेख सैय्यद अहमद चिश्ती का 3 दिवसीय वार्षिक उर्स 24 मई से

मनोहरपुर,(रॉयल पत्रिका)। हजरत ख्वाजा शेख सैय्यद अहमद चिश्ती रहमतुल्ला आलेह उर्स कमेटी अमरसर की मीटिंग का आयोजन दरगाह के सज्जाद नशीन पीर जी सैय्यद आबिद अली चिश्ती फरीदी फखरी की अध्यक्षता में दरगाह के प्रांगण में हुई जिसमें हजरत ख्वाजा शेख सैय्यद अहमद चिश्ती रहमतुल्ला आलेह का 3 दिवसीय वार्षिक उर्स 24 मई शनिवार से भराने का निर्णय लिया गया है। इसी के साथ मे कार्यकर्ताओं को उर्स की ज़िम्मेदारी दी गई है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम अमरसर में स्तिथ हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतिक हजरत ख्वाजा शेख सैय्यद अहमद चिश्ती रहमतुल्ला आलेह का 3 दिवसीय वार्षिक उर्स 24 मई शनिवार से शुरू होगा जो कि 26 मई सोमवार को कूल की रस्म के साथ में समपन होगा।

दरगाह के सज्जाद नशीन पीर जी सैय्यद आबिद अली चिश्ती फरीदी फखरी ने बताया कि 24 मई शनिवार को उर्स की शुरूआत होगी इसी के साथ में जायरीन का आना शुरू हो जाएगा रात्रि 10 बजे बाद में मिलादुन्नबी कमेंटी द्वारा मिलाद शरीफ की जाएगी जिसमे



खुदा के हुकम व मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही जाएगी। इसी प्रकार 25 मई रविवार को दोपहर 2 बजे बाद में चद्दर का जुलूस निकलेगा जो कि कस्बे के प्रमुख मार्ग होकर दरगाह प्रांगण में आएगा जहां पर खादिम के द्वारा बाबा को चद्दर पेश की जाएगी।

रात्रि 10 बजे बाद में राजस्थान की मशहूर कव्वाल पार्टी लियाकत, रहीस, फारूक, मोहम्मद हुसैन कव्वाल पार्टी द्वारा महफिले शमा की जाएगी इसमें संपूर्ण रात्रि तक बाबा की मान मनुहार की जाएगी।

इसी प्रकार 26 मई सोमवार को सुबह 10 बजे महफिले रंग व कूल की फातिहा व लंगर वितरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ये बाबा ताला में स्तिथ हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतिक हजरत बुर्रहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह आलेह के पिरो मुर्शद है।

# नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

## - 59 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड़ के निर्देषानुसार उपायुक्त सतर्कता जय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में रीको काँटा चौराहा मानसरोवर, 7 नंबर चौराहा जगतपुरा से अक्षय पात्र चौराहा, जगतपुरा पुलिया से केपिटल मॉल तक, इन्दिरा गाँधी नगर सेक्टर-3 आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 59 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 8 केन्टर व 2 ट्रेक्टर-ट्रोली सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में रीको काँटा चौराहा मानसरोवर, 07 नंबर चौराहा जगतपुरा से अक्षय पात्र चौराहा, जगतपुरा पुलिया से केपिटल मॉल तक, इन्दिरा गाँधी नगर सेक्टर-3 आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 8 केन्टर व 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 59 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# नशा मुक्त जयपुर अभियान के तहत अंतर्विभागीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में मंगलवार को वैशाली नगर स्थित एक निजी होटल में नशा मुक्त जयपुर अभियान के तहत अंतर्विभागीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक (ANTF) सत्यवीर सिंह ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सबके सामूहिक सहयोग से समाज को नशा मुक्त करने की बात कही।

कार्यशाला में जिला परिषद, जीसीटीसीएसएल, आईसीडीएस, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, शिक्षा विभाग, आरएसआरसीटी विभाग, पुलिस उपायुक्त (उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, ग्रामीण एवं ट्रैफिक), डिप्टी सीएमएचओ प्रथम डॉ. इन्द्रा गुप्ता, डिप्टी सीएमएचओ, द्वितीय डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल, डीपीओ



(एनटीसीपी) डॉ. योगेश पूनिया व अर्पित भारद्वाज, औषधि नियंत्रक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी (जयपुर प्रथम व द्वितीय) उपस्थित रहे।

कार्यशाला में समाज मे पांव पसारती नशे की लत पर लगाम लगाने के संबंध में व्यापक विचार विमर्श हुआ। चिकित्सा विभाग समेत सभी विभागों के अधिकारियों ने विभिन्न प्रकार के नशों से युवा पीढ़ी को बचाने संबंधी मंथन किया। कार्यशाला में स्टेट कंसल्टेंट नरेन्द्र सिंह ने बताया कि सन 2025 में तम्बाकू उपभोग में 30 प्रतिशत की कमी का लक्ष्य रखा गया है। राजस्थान में 1.36 करोड़ व्यक्ति तम्बाकू का सेवन करते हैं और इसमे 41 लाख लोगों की कमी लाए जाने का लक्ष्य है।

एसआरकेपीएस के सीईओ राजन चौधरी ने कार्यशाला के उद्देश्य पर सारगर्भित प्रकाश डाला। इसी प्रकार डीसीओ श्रीमती सपना पारीक, डॉ. कशिश थापर (एसएमएस अस्पताल), कपिल शर्मा (एनसीबी), हरीश भूटानी (चेयरमैन, नवविकल्प संस्थान) ने अपने विचार व्यक्त किए। अंत मे सीएमएचओ प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने सभी आमंत्रित प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विधायक कंवरलाल का विधान सभा सदस्यरता का मामला महाधिवक्ताा की विधिक राय प्राप्तउ होते ही तत्कोल होगा निर्णय

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थाधन विधान सभा अध्यषक्ष वासुदेव देवनानी ने विधायक कंवरलाल के मामले में राज्य के महाधिवक्ता् को इस संबंध में तुरंत अपनी विधिक राय राजस्था न विधान सभा सचिवालय को भेजे जाने के लिये निर्दिष्टक किया है। देवनानी ने उम्मीीद जताई है कि



महाधिवक्ताि की राय एक-दो दिन में राजस्थालन विधान सभा सचिवालय को आवश्यटक रूप से प्राप्ते हो जायेगी। देवनानी ने कहा है कि राज्या के महाधिवक्ताि से राजस्थाजन विधान सभा को विधिक राय प्राप्तय होते ही विधायक कंवरलाल की विधान सभा सदस्य ता को समाप्त किये जाने के बारे में तत्काोल विधि सम्मकत और न्यावय सम्मलत निर्णय लिया जायेगा।

देवनानी से मंगलवार को विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित प्रतिपक्ष के सदस्योंप ने मुलाकात की। विधान सभा अध्यलक्ष देवनानी को प्रतिपक्ष के सदस्योंा ने कंवरलाल की विधान सभा सदस्य ता समाप्तध करने के मामले में निर्णय किये जाने के संबंध का ज्ञापन भी दिया। विधान सभा अध्यसक्ष देवनानी ने नेता प्रतिपक्ष सहित प्रतिपक्ष सदस्योंक को इस संबंध में न्या य सम्म त शीघ्र निर्णय लिये जाने के लिये आश्वसस्त किया।

उल्लेपखनीय है कि देवनानी विधायक कंवरलाल के संबंध में न्यातयालय द्वारा दिये गये फैसले के दिन ही राज्य के महाधिवक्तास को विधिक राय दिये जाने के लिये निर्दिष्टस कर दिया था। देवनानी इस मामले में निर्णय लिये जाने के संबंध में निरन्ततर समीक्षा कर रहे है। देवनानी का कहना है कि विधान सभा की सदस्याता को समाप्तज करने के निर्णय के लिए न्या यालय के फैसले के सभी पहलुओं का अध्येयन करना होता है ताकि विधायक के साथ किसी प्रकार की नाइंसाफी ना हो।

**विधान सभा समितियों में हुये आंशिक संशोधन पर चर्चा, विधान सभा अध्योक्ष ने सदन के हित में लिया निर्णय-** राजस्थाभन विधान सभा अध्यशक्ष वासुदेव देवनानी से प्रतिपक्ष के सदस्यौं ने राजस्था न विधान सभा सचिवालय द्वारा गत दिनों समितियों में किये गये आंशिक संशोधन पर भी चर्चा की। देवनानी ने कहा कि नरेन्द्र बुड़ानिया राजस्थाान विधान सभा के वरिष्ठे एवं अनुभवी सदस्य है। बुड़ानिया को समिति से हटाया नहीं गया है। यह भ्रमित प्रचार है। राजस्थाभन विधान सभा के वरिष्ठन सदस्यर बुड़ानिया के अनुभवों को ध्या न में रखते हुये उन्हें पिछडे वर्गों के कल्योण संबंधी जैसी महत्विपूर्ण विषयों की समिति का सभापति बनाया गया है। देवनानी ने कहा कि बुड़ानिया को अकेले ही परिवर्तित नहीं किया गया है, उनके साथ तीन अन्यब सभापतियों, जो सत्तापक्ष से संबंध रखते है, को भी अन्य् समिति का सभापति बनाया गया है। विधान सभा अध्य क्ष देवनानी ने यह निर्णय सदन के हित में लिया है।

**विधान सभा के विभिन्नह विषयों पर सकारात्मक चर्चा-** देवनानी की प्रतिपक्ष नेता जूली और प्रतिपक्ष के अन्य सदस्योंभ की विधान सभा के संचालन, समितियों के कार्यदिवस, प्रश्नों के उत्तकर संबंधी सहित विधान सभा से जुड़े विभिन्नभ विषयों पर भी विस्तानर से सकारात्मंक चर्चा हुई।

# 22 मई को होगा रोजगार सहायता शिविर का आयोजन

## - 30 निजी कंपनियां युवाओं को देंगी रोजगार की सौगात

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय जयपुर द्वारा करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार सहायता शिविर का आयोजन 22 मई 2025 को प्रातः 10 बजे से बनीपार्क स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया जाएगा। उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय की उपनिदेशक श्रीमती नवरेखा शिविर में निर्माण, लॉजिस्टिक, बैंकिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मा, सिक्योरिटी, कॉल सेन्टर, बीमा आदि क्षेत्रों से संबंधित लगभग 30 निजी नियोजक मौके पर ही युवा आशार्थियों का साक्षात्कार के पश्चात् प्राथमिक चयन कर लाभान्वित करेंगें।

उन्होंने बताया कि विभिन्न सरकारी विभाग शिविर में भाग ले कर अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर आशार्थियों को लाभांवित करेगें। शिविर में ज्यादा से ज्यादा युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय जयपुर द्वारा एक क्यूआर कोड जारी किया गया है जिसके जरिये युवा शिविर के लिए अपना पंजीयन करवा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि माध्यमिक, उच्च माध्यमिक स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, आईटीआई पॉलिटेक्निक आदि सभी योग्यताधारी रोजगार के इच्छुक बेरोजगार युवाओं हेतु इस रोजगार सहायता शिविर में रिक्तियाँ है, अतः सभी योग्यताधारी आशार्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल व छाया प्रति के साथ उक्त रोजगार मेले का लाभ उठायें।

# राज्य मंत्री देवासी ने सिरोही पंचायत समिति में विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने मंगलवार को सिरोही जिले की सिरोही पंचायत समिति के माकरोडा, सिंदरथ, कृष्णगंज, वेलांगरी एवं सरतरा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया एवं आमजन की परिवेदनाएं सुनी।

आमजन को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री देवासी ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में विकास कार्यो में किसी प्रकार की कमी नहीं रखी जा रही है और नियमित रूप से नए विकास कार्यो की स्वीकृति, निर्माण कार्य आदि करवाए जा रहे हैं व आमजन की आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कार्यकाल में अब तक जिले की विभिन्न पंचायत समितियों में हुए विकास कार्य अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि



सभी पात्र विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें और अन्य को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रत्येक गांव तक विकास कार्य करवाने तथा आमजन को लाभान्वित करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

जनसुनवाई में ग्रामीणों ने खराब आरओ सही करवाने, सफाई व्यवस्था सुचारू करवाने, उप स्वास्थ्य केन्द्र पर स्टाफ की व्यवस्था करवाने, सीसी रोड बनाने, रोड लाइट लगाने, स्वीकृत नाली बनवाने, पट्टा दिलवाने, नल व विद्त कनेक्शन दिलवाने, सीमाज्ञान करवाने सहित विभिन्न विभाग से संबंधित विभिन्न परिवेदनाएं राज्यमंत्री देवासी के समक्ष प्रस्तुत की जिस पर राज्य मंत्री ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उपस्थित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये।

# 7 प्रतिष्ठानों से लिए गए सैंपल पाए गए अनसेफ

जयपुर, (रॉयल पत्रिक)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि सिंह शेखावत ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान के निर्देशानुसार लिये गये खाद्य पदार्थों के नमूनों में से अनसेफ पाये गये प्रकरणों में निम्न फर्मों रस्तोगी सेल्स प्राइवेट लिमिटेड जयपुर का एमडीएच गरम मसाला, श्याम धणी इंडस्ट्रीज जयपुर का श्याम धणी गरम मसाला, लक्ष्मी स्वीट्स केटर्स सुभाष चौक जयपुर की नमकीन,पेट पूजा होटल महादेव बनीपार्क जयपुर की ग्रेवी, अमरलाल स्वीट्स केटर्स जयपुर के लडडू,लक्ष्मी जोधपुर मिष्ठान भंडार, स्वेज फार्म जयपुर के लड्, मोहम्मदी पैलेस चांदपोल जयपुर की ग्रेवी, चिकन चंगेजी एवं काली मिर्च के विरूद्ध प्रकरण मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट जयपुर प्रथम/द्वितीय में प्रस्तुत किये जा चुके है।

# भीलवाड़ा में अत्यंत उत्साह के साथ निकली तिरंगा रैली

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में मंगलवार को भीलवाड़ा शहर में तिरंगा रैली अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ आयोजित हुई। रैली में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के जश्न में वाहनों का काफिला देशभक्ति के गीतों के साथ आगे बढ़ा। तिरंगा यात्रा शहर के मुख्य चौराहों से होते हुए राजेंद्र मार्ग विद्यालय पहुंची।

तिरंगा रैली में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा और अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पूर्व सैन्यकर्मियों, आमजन ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। रैली में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने भी हिस्सा लिया। शहरवासी देशभक्ति के जोशीले नारें लगाते, गीत गाते और तिरंगे झंडे लहराते नजर आए।

इस दौरान आतिशबाजी कर सेना के पराक्रम को सेल्यूट किया गया। हजारों लोगों ने तिरंगा यात्रा में हिस्सा लेकर देश के वीर जवानों के प्रति अपनी कृतज्ञता दर्शाई। रैली में समाज के हर वर्ग के महिला-पुरुष और बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए। दोपहिया और चारपहिया वाहनों का काफिला रैली के रूप में देशभक्ति के गीत बजाते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरा। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लहराते और चेहरे पर भारतीय सैनिकों की बहादुरी व समर्पण के प्रति गर्व की भावना लिए रैली के जरिए राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। महिलाएं और बच्चे भी हाथों में तिरंगा लिए भारतीय सेना के सम्मान को नमन करने नजर आए।

# राज्यपाल बागडे से देवनानी ने मुलाकात की

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को राजभवन में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल बागडे को वर्ष प्रतिपदा पर प्रकाशित नववर्ष की डायरी भेंट की। राज्यपाल ने वर्ष प्रतिपदा पर प्रकाशित नव वर्ष डायरी की सराहना की। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी और बागडे ने इस दौरान विभिन्न विषयों पर संवाद किया। उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।



## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| बिजली फॉल्ट के लिए | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | |
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

| पानी के लिए | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| एंबुलेंस | 102/ 108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| **घायल पशुओं के लिए** | |
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# गर्मी में प्यासे परिंदों के लिए "अहसास" ने बढ़ाया सहयोग का हाथ



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। भीषण गर्मी के इस तीव्र मौसम में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए अहसास सोशल वेलफेयर सोसायटी, सवाई माधोपुर द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए मंगलवार को शहर कोतवाली परिसर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, पुलिस थाना आलनपुर, उप निदेशक फूल उत्कृष्टता केन्द्र, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार कार्यालय, सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) कार्यालय, रेड रोज पब्लिक स्कूल, अस्पताल रोड के किनारे चयनित सार्वजनिक प्रमुख स्थलों पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर समाज को जीवो के प्रति दया और करुणा की भावना अपनाने की प्रेरणा दी गई।

कार्यक्रम में शहर कोतवाली प्रभारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनिल जैमिनी, प्रियंका सक्सेना, आई.सी., हनुमान, पुलिस थाना प्रभारी, आलनपुर, उप निदेशक फूल उत्कृष्टता केन्द्र लखपत मीणा, रामसहायक मीणा, सहा.कृषि अधिकारी, राजीलाल मीणा, संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) राकेश कुमार अटल, कमल पहाडिया, सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) श्याम बिहारी मथुरिया, किशन लाल गुर्जर, कृषि अनुसंधान अधिकारी बलराम मीणा, सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) खेमराज मीणा, रामहेत मीणा, राहुल शर्मा, सुनील वर्मा, ओम प्रकाश गुप्ता, ई.डी. एम., मंजूर अहमद, पप्पू लाल इत्यादि उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में संस्था के चेयरमेन सोहेल अनवर, वाईस चेयरमेन डॉ. आरती सिंह भदौरिया, जावेद अनवर, अल्ताफनूर, अनिल कुमार सक्सेना, मधुसुदन गर्ग, विमलेश गुप्ता, प्रवीण जैन, नीलेश जैन, राजेश सिंहल, दानिश, शरीफर रहमान, शाहिद नूर इत्यादि ने उपस्थित रहकर सहयोग किया। वहीं संस्था की ओर से योगदान देने वालों में चेयरमेन सोहेल अनवर, वाइस चेयरपर्सन डॉ. आरती सिंह भदौरिया, जावेद अनवर, अल्ताफ नूर, अनिल कुमार सक्सेना, मधुसूदन गर्ग, विमलेश गुप्ता, प्रवीण जैन, नीलेश जैन, राजेश सिंघल, दानिश, शरीफ रहमान, शाहिद नूर व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य ने ग्राम पंचायत शेरपुर में पर्यावरण संरक्षण के संबंध में दी जानकारी



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य कृष्णपाल एवं अधिकार मित्र मुकेश कुमार शर्मा, गिर्राज रैगर द्वारा ग्राम पंचायत शेरपुर में पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित ग्रामवासियों को बताया गया इस अवसर पर जिला विधिक चेतना समिति सदस्य कृष्ण पाल ने बताया कि आज के समय में पर्यावरण एवं जल संरक्षण एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। हमारी पृथ्वी पर बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन एवं प्राकृतिक संसाधनों की कमी ने इसे और भी जरूरी बना दिया है। इसके बिना हमारे अस्तित्व और जीवन पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। अतः पर्यावरण एवं जल संरक्षण का महत्व समझना हमारे जीवन और स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करके ही हम अपने जीवन एवं आने वाले कल को बेहतर बना सकते है। जागरूकता शिविर में पर्यावरण संरक्षण का महत्व, प्रदूषण कम करने के उपायों, पेड़ों की सीमित कटाई, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पर्यावरण का क्षरण करने वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध, जल का अपव्यय रोकने के लिए किए जा सकने वाले उपायों, बूंद-बूंद सिंचाई प्रणाली, पौधारोपण का महत्व, वर्षा जल का संचय, पारम्परिक जल स्रोतों जैसे तालाबों, कुओं, बावड़ियों का रख-रखाव, जल प्रदूषण को कम करने के उपायों, जल का मितव्ययिता के साथ उपयोग आदि विषयों के संबंध में जानकारी प्रदान कर ग्रामवासियों को जागरूक किया गया।

अधिकार मित्र ने प्राकृतिक संसाधनों का तेजी से हो रहा दोहन आज एक प्रमुख समस्या बन गई है। प्राकृतिक संसाधनों के लगातार हो रहे अंधाधुंध दोहन ने हमारे पर्यावरण एवं जैवविविधता के लिए खतरा पैदा कर दिया है। अतः हमें पर्यावरण के संरक्षण एवं जैव विविधता को बनाये रखने के लिये सक्रिय कदम उठाने चाहिए। प्लास्टिक बैग और प्लास्टिक से बने उत्पादों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। घरों एवं कारखानों से निकले कचरे का उचित निस्तारण किया जाना चाहिए एवं दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करना चाहिए।

हमें पर्यावरण प्रदूषण को कम करने और प्राकृतिक संसाधनों का सही तरीके से उपयोग करने की आवश्यकता है, प्रदूषण को कम करके ही हम स्वस्थ जीवन की कामना कर सकते है। साथ ही वन्यजीवों और वनस्पतियों की रक्षा करके जैव विविधता को बनाए रखना भी जरूरी है।

जल संसाधनों की रक्षा करके हम जल की कमी की समस्या एवं जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले दुष्परिणामों से निपट सकते है। इस मौके पर शेरपुर सरपंच ओम प्रकाश ग्राम विकास अधिकारी बृजेश ने भी अपने विचार रखे।

# आमजन को त्वरित राहत देकर 'गुड गवर्नेंस' के संकल्प को करें साकार



झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार पारदर्शी, उत्तरदायी और संवेदनशील शासन के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुशासन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य सचिव पंत मंगलवार को सीकर पुलिस लाइन स्थित पुलिस अन्वेषण भवन सभागार में सीकर और झुंझुनू जिले की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में संभागीय आयुक्त जयपुर पूनम, सीकर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, झुंझुनू जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, जिला पुलिस अधीक्षक सीकर भुवन भूषण यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झुंझुनू देवेंद्र सिंह सहित दोनों जिलों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव ने बिजली, पेयजल, स्वच्छता और गुड गवर्नेंस को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को आगामी गर्मी के मौसम में इन सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लू, ताप-घात सहित मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक संसाधनों के साथ पुख्ता तैयारियां करने पर जोर दिया। ई-गवर्नेंस को सुदृढ़ करने के लिए ई-फाइलिंग की प्रगति की समीक्षा करते हुए पंत ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को ई-फाईल डिस्पोजल में समय कम करने तथा कार्य निष्पादन में तेजी लाने और अनावश्यक विलंब को समाप्त करने के साथ ही जिले में ई-फाइल डिस्पोजल की कमजोर स्थिति पर सुधार करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने और जन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को भारत सरकार व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष ध्यान देने तथा नियमित मॉनिटरिंग कर पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को अवैध खनन की रोकथाम के लिए पुलिस, परिवहन, वन, राजस्व सहित सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर सख्ती से रोके जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सभी अधिकारियों को अपने कार्य व व्यवहार में शुचिता लाने के निर्देश दिए।

## ग्राम पंचायत सनवाड़ा में जनसुनवाई रात्रि चौपाल 23 मई को

बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में उपखण्ड शाहाबाद की ग्राम पंचायत सनवाड़ा में 23 मई 2025 को सांय 6:30 बजे से जनसुनवाई रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर ने बताया कि रात्रि चौपाल में संबंधित उपखंड अधिकारी, समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारी, विकास अधिकारी, विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी एवं ग्राम पंचायत स्तर के संबंधित अधिकारी, कर्मचारी भाग लेंगे।

# मिशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को लेकर भाजपा की तिरंगा शौर्य यात्रा




सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी सवाई माधोपुर की और से मिशन सिंदूर की सफतला को लेकर तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन 21 मई 2025 को सांय 4:30 बजे जिला मुख्यालय सहित समस्त विधानसभा स्तर पर निकाली जाएगी। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि तिरंगा शौर्य यात्रा की तैयारियों को लेकर कल जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में आयोजन की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला मुख्यालय पर निकलने वाली तिरंगा शौर्य यात्रा रेलवे स्टेशन के पास स्थित सिटी मॉल से प्रारंभ होगी और टोंक बस स्टेंड, मुख्य बाजार होते हुए शर्मा होटल चौराहे से गौरव पथ अम्बेडकर सर्किल पहुंचेगी, अंबेडकर सर्किल पर राष्ट्रगान कर यात्रा का समापन होगा। यात्रा की जानकारी देते हुए विधानसभा संयोजक और पूर्व जिला महामंत्री आचार्य लोकेंद्र शर्मा ने बताया कि यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री और खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल, भरतपुर संभाग प्रभारी हेमराज मीणा, सहसंभाग प्रभारी सोमकांत शर्मा, जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर उपस्थित रहेंगे। आचार्य लोकेंद्र शर्मा ने बताया कि यात्रा में सर्वप्रथम भूतपूर्व सैनिक अपनी पूर्ण गणवेश में रहेंगे उसके पीछे लगभग 100 से अधिक एनसीसी कैडेट्स गणवेश में यात्रा में चलेंगे उसके बाद स्काउट गाइड अपनी पूर्व गणवेश में यात्रा में उपस्थित रहेंगे, यात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठन, एनजीओ और आम नागरिक भाग लेंगे | तिरंगा शौर्य यात्रा के आयोजन को लेकर हुई बैठक में जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें देश की सेना पर गर्व है मिशन सिंदूर की सफलता को लेकर हम सभी को देश के सम्मान में तिरंगा यात्रा में भाग लेना है, उन्होंने जिले के सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं और संगठनों से आहवान भी किया है कि सभी पूर्ण ऊर्जा के साथ तिरंगा यात्रा में भाग लेवे और देश को एक संदेश देने का काम करे। इस अवसर पर बैठक पूर्व जिलाध्यक्ष भरतलाल मथुरिया, सुरेश जैन, पूर्व यूआईटी अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, जिला महामंत्री हरिओम गर्ग, तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक बलवीर सिंह राजावत, विधानसभा संयोजक आचार्य लोकेंद्र शर्मा, सहसंयोजक अशोकराज मीणा, जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व सभापति कमलेश जेलिया, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, मीरा सैनी, जिला मंत्री हरिप्रसाद गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, बजरिया मंडल अध्यक्ष नीलकमल जैन, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पृथ्वीराज मीणा, कुंडेरा मंडल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष तनवीर अहमद, मेहनाज पटेल, संतोष मथुरिया, गीता जैलिया, मुकेश शर्मा, नीरज मीणा, राजू दाधीच, मोहनलाल कौशिक, विजेन्द्र सिंह, नरपत सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीबाबू जीनगर, राजेन्द्र शर्मा व्याख्याता, भगवान सैनी डायरेक्टर, मोहनलाल शर्मा, हनुमान शर्मा, चंद्रमोहन जोशी, बनवारी बंसल सहित कई सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## मिशन कौमी एकता संस्था द्वारा पक्षियों के लिए परिंडे लगाए



पाली, (रॉयल पत्रिका)। मिशन कौमी एकता संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युसूफ रजा खान ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारी मिशन कौमी संस्थान द्वारा बैजुबान पक्षियों के लिए भीषण गर्मी में गले को तर करने के लिए परिंडे लगाने का कार्य लगातार जारी है। इस अवसर पर गरीब नवाज हाईटेक लाईब्रेरी के उद्दघाटन के अवसर पर राजेश्वर वाटिका, पटेल छात्रावास, खोडिया बालाजी रोड पाली में युसूफ रजा खान की अगुवाई में उनकी टीम द्वारा परिंडे लगाए गए। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था द्वारा अब तक करीब 2000 हजार परिंडे लगाए जा चुके है। वहीं परिंडे लगाने के बाद उसमें पानी व धाना डालने की जिम्मेदारी भी कार्यकर्ताओं को सौंपी जाती है, ताकि उन परिंडो रोजाना धाना—पानी डाला जा सके।

युसूफ रजा खान ने बताया कि परिंडे लगाने का अभियान जोधपुर, पाली, सोजत, जैतारण, मेड़तासिटी, बाली, फालना, आउवा, ब्यावर, जालोर, सिरोही, आबूरोड कई जगहों स्थानों पर चलाया जा रहा है। इसके लिए जोधपुर से अब्दुल लतीफ पठान, सोजत से युसूफ रजा खान, जैतारण से पार्षद सिकन्दर खान, साकीर खान, आउवा से ठेकेदार जमाल खान आरीफ सर, मेड़तासिटी से पार्षद सलीम खान शेरानी, पाली से मोहम्मद अय्युब सुलेमानी, मेहराज खान, बाली मोहम्मद रमजान, फालना मोहम्मद शाकीर खान, आबूरोड अब्दुल जब्बार, सिरोही जयंतीलाल दाणा, जालौर से मोहसीन खान आदि को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान युसूफ रजा खान, मोहम्मद जहीर मकरानी, अब्दुल रहीम सांखला अध्यक्ष यूनाइटेड उम्माह वेलफेयर सोसायटी जोधपुर, आरीफ खान आउवा, उस्ताद हम्मीम बक्ष शेख सैय्यद मुगल पठान जोधपुर, मोहम्मद अय्युब सुलेमानी, गुलाम मोहम्मद, आमीर खान सोलंकी, जमाल खान आउवा, वहीद खान राजू, अजीज खान पठान, फिरोज खान, अमजद खान, मेहराज खान, सत्तार खान कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर नई पहल

*-नगरपरिषद हनुमानगढ़ का स्वच्छता की दिशा में मजबूत कदम*



हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। स्वच्छता को प्राथमिकता बनाते हुए हनुमानगढ़ नगरपरिषद ने सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में नई पहल की है। नगरपरिषद प्रशासक उम्मेदीलाल मीना और नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में शहर में साफ-सफाई की स्थिति में लगातार सुधार देखा जा रहा है।

हर दिन तड़के जब शहर सो रहा होता है, सफाई योद्धा गली-गली, नाली-नाली स्वच्छता का संदेश लेकर सफाई कार्य में जुट जाते हैं। सफाई निरीक्षक रमनदीप कौर खुद फील्ड में रहकर सफाई कार्यों की निगरानी करती हैं और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देती हैं। प्रशासक उम्मेदीलाल मीना ने बताया कि न सिर्फ शहर बल्कि आसपास की कच्ची बस्तियों में भी सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई है। साथ ही, इन बस्तियों में पक्की सड़कों और नालियों के निर्माण की भी योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिससे वहां रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। नगरपरिषद जनभागीदारी को भी बढ़ावा दे रही है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालें और स्वच्छता में सहयोग करें। यह अभियान निश्चित रूप से हनुमानगढ़ को एक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास है।

# कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए आंतरिक शिकायत समिति

*-उल्लंघन पर 50 हजार रुपए तक जुर्माना*

हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिक)। महिलाओं के कार्यस्थलों पर सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा लागू लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत सभी शासकीय व निजी कार्यालयों को अपने-अपने स्तर पर आंतरिक शिकायत समिति गठित करना अनिवार्य है।

महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक जगदीश चौधरी ने बताया कि ऐसे सभी कार्यालयों, विभागों, संस्थानों एवं प्रशासनिक इकाइयों में, जहां 10 या उससे अधिक कार्मिक कार्यरत हैं, वहां समिति का गठन कर उसका आदेश—जिसमें अध्यक्ष व सदस्यों के नाम, मोबाइल नंबर शामिल हों—कार्यस्थल पर प्रदर्शित किया जाना आवश्यक है।

समिति के गठन की जानकारी 15 दिन के भीतर विभागीय ई-मेल पर भेजनी होगी। यदि समिति का गठन पहले किया जा चुका है और उसकी अवधि 3 वर्ष से अधिक हो चुकी है, तो पुनर्गठन आवश्यक है। साथ ही, यदि समिति के किसी सदस्य का स्थानांतरण हुआ है तो उसके स्थान पर नया मनोनयन किया जाना चाहिए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अधिनियम की धारा 26(1)(a) के तहत उल्लंघन की स्थिति में अधिकतम 50,000 रुपए तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

**शी-बॉक्स पोर्टल पर अपलोड करें समिति की जानकारी:-**

भारत सरकार द्वारा शी-बॉक्स पोर्टल की शुरुआत की गई है, जहां संबंधित कार्यालयों को अपनी आंतरिक शिकायत समिति की सूचना ऑनलाइन दर्ज करनी होगी। निजी संस्थानों को भी पोर्टल पर प्राइवेट हैड ऑफिस रजिस्ट्रेशन के माध्यम से पंजीयन करना अनिवार्य है। अधिनियम से संबंधित समस्त जानकारी वेब पोर्टल पर उपलब्ध है। निर्धारित प्रपत्रों में जानकारी भरकर विभाग को भेजना अनिवार्य है, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। कार्यशालाओं व जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करना भी नियोक्ता की जिम्मेदारी है।

# बलदेव सिंह बने पावर लिफ्टिंग कोच




बारां, (रॉयल पत्रिका)। भीमदल व्यायामशाला के पहलवान बलदेव सिंह घेंघट को पावर लिफ्टिंग बारां का कोच नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के पश्चात भीमदल व्यायामशाला में अखाड़े के उस्ताद व अध्यक्ष मंगल सिंह के नेतृत्व में माला पहनाकर मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बलवंत सिंह, विशाल, रवि, सोनू, दीपक, बंटी, महेंद्र, योगेन्द्र, प्रमोद, अक्षय मालवीय, राकेश टांक, मनीष भूमलिया, मनोज, लखन, विक्रम, अनिल, विजय टांक, महेंद्र नकवाल सहित अखाड़े के सभी पहलवान मौजूद रहे।

# जिला विकास प्रबंधक, (नाबार्ड) कार्यालय, बारां का उद्घाटन



बारां, (रॉयल पत्रिका)। नाबार्ड उप-महाप्रबंधक विजय राणा की अध्यक्षता में जिला विकास प्रबंधक, (नाबार्ड) कार्यालय, बारां का उद्‌घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी जिला स्तरीय विभागों के प्रमुख, अग्रणी जिला प्रबंधक, संयुक्त निदेशक-कृषि, उप निदेशक-बागवानी, केवीके-अंता के वरिष्ठ वैज्ञानिक, निदेशक-रूडसेटी, डीआरएम-राजस्थान ग्रामीण बैंक, आरएम-राजस्थान महिला निधि बैंक, डीआरसीएस, डीआईसी के अधिकारी, एफपीओ सदस्य, एनजीओ-डीएससी और कुछ प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

अग्रणी जिला प्रबंधक जनवेद मीणा ने मुख्य अतिथि का स्वागत पगड़ी, माला व पुष्पगुच्छ से किया। नाबार्ड डीडीएम घनश्याम मीना ने नए कार्यालय में सभी अतिथियों का स्वागत किया और नाबार्ड की यात्रा, जिले में डीडीएम की भूमिका और जिम्मेदारी के बारे में जानकारी दी। विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने सरकारी योजनाओं और नाबार्ड द्वारा प्रदान किए गए सहयोग के बारे में अपने अनुभव साझा किए। रूडसेट बारां के निदेशक देवेन्द्र मीणा ने कौशल प्रदान करने में संस्थान की भूमिका व प्रशिक्षणार्थियों के ट्रेनिंग के लिए कैपेक्स सपोर्ट प्रदान करने के लिए भी नाबार्ड का धन्यवाद दिया।

मुख्य अतिथि ने विशेष रूप से आकांक्षी जिले, बारां में डीडीएम कार्यालय के महत्व और राज्य भर में जीएलसी के परिदृश्य और नाबार्ड की भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी प्रमुख विभागों से ऋण के माध्यम से अन्नपूर्णा नगरी में ग्रामीण समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपसी सहयोग की अपेक्षा रखी। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जागरूकता शिविरों का आयोजन




सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य कृष्णपाल सिंह एवं अधिकार मित्र मुकेश कुमार शर्मा, गिर्राज रैगर द्वारा ग्राम पंचायत शेरपुर में पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित ग्रामवासियों को बताया गया कि आज के समय में पर्यावरण एवं जल संरक्षण एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। हमारी पृथ्वी पर बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन एवं प्राकृतिक संसाधनों की कमी ने इसे और भी जरूरी बना दिया है। इसके बिना हमारे अस्तित्व और जीवन पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। पर्यावरण एवं जल संरक्षण का महत्व समझना हमारे जीवन और स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करके ही हम अपने जीवन एवं आने वाले कल को बेहतर बना सकते है। जागरूकता शिविर में पर्यावरण संरक्षण का महत्व, प्रदूषण कम करने के उपायों, पेड़ों की सीमित कटाई, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पर्यावरण का क्षरण करने वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध, जल का अपव्यय रोकने के लिए किए जा सकने वाले उपायों, बूंद-बूंद सिंचाई प्रणाली, पौधारोपण का महत्व, वर्षा जल का संचय, पारम्परिक जल स्रोतों जैसे तालाबों, कुओं, बावड़ियों का रख-रखाव, जल प्रदूषण को कम करने के उपायों, जल का मितव्ययिता के साथ उपयोग आदि विषयों के संबंध में जानकारी प्रदान कर ग्रामवासियों को जागरूक किया गया।

इसी प्रकार डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल वीरेन्द्र कुमार वर्मा, असिस्टेंट अक्षय सिंह राजावत एवं आयुष ताजी द्वारा राजस्थान राज्य स्काउट गाइड, हाउसिंग बोर्ड सवाई माधोपुर में पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित विद्यार्थियों को बताया गया कि प्राकृतिक संसाधनों का तेजी से हो रहा दोहन आज एक प्रमुख समस्या बन गई है।

प्राकृतिक संसाधनों के लगातार हो रहे अंधाधुंध दोहन ने हमारे पर्यावरण एवं जैवविविधता के लिए खतरा पैदा कर दिया है। अतः हमें पर्यावरण के संरक्षण एवं जैव विविधता को बनाये रखने के लिये सक्रिय कदम उठाने चाहिए। प्लास्टिक बैग और प्लास्टिक से बने उत्पादों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। घरों एवं कारखानों से निकले कचरे का उचित निस्तारण किया जाना चाहिए एवं दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करना चाहिए। हमें पर्यावरण प्रदूषण को कम करने और प्राकृतिक संसाधनों का सही तरीके से उपयोग करने की आवश्यकता है, प्रदूषण को कम करके ही हम स्वस्थ जीवन की कामना कर सकते है। साथ ही वन्यजीवों और वनस्पतियों की रक्षा करके जैव विविधता को बनाए रखना भी जरूरी है। जल संसाधनों की रक्षा करके हम जल की कमी की समस्या एवं जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले दष्परिणामों से निपट सकते है।

# सितंबर के बाद एफआईआई का रिकॉर्ड निवेश

## वैश्विक तनाव के बीच फिर आकर्षक बना भारतीय बाजार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी टैरिफ और कई देशों के बीच चल रहे तनाव के बावजूद विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भारतीय बाजार में लौट आए हैं। इन्होंने सितंबर के बाद से अब तक का सर्वाधिक 18,620 करोड़ रुपये का निवेश मई में किया है। इससे पहले सितंबर में 57,724 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। यही नहीं, 27 मार्च के बाद किसी एक दिन में शुक्रवार को रिकॉर्ड 8,831 करोड़ के शेयर खरीदे।



**क्या कहते है आकड़ें-** आंकड़े बताते हैं कि एफआईआई ने जब भी भारतीय बाजार से पैसे निकाले हैं, बाजार में भारी गिरावट दिखी है और इनकी वापसी से तेजी आईहै।पिछले साल सितंबर तक लगातार भारी निवेश के कारण बीएसई ने रिकॉर्ड 85,978 का आंकड़ा पार किया था। उसके बाद से जो भारी निकासी एफआईआई ने की, बाजार भी 14,000 अंक तक टूट गया। उदाहरण के तौर पर अक्तूबर में एफआईआई ने 94,017 करोड़ की निकासी की थी। 26 सितंबर को रिकॉर्ड बनाने वाला सेंसेक्स एक माह में ही 6,000 अंक से ज्यादा टूट गया।

**जनवरी में निकाले 78,000 करोड़-** विदेशी निवेशकों ने जनवरी में 78,027 करोड़ निकाले और सेंसेक्स 600 अंकों से ज्यादा गिरकर बंद हुआ। फरवरी में 34,574 करोड़ की निकासी हुई और सेंसेक्स 4,300 अंकों से ज्यादा गिर गया।

### 6200प्रतिशत का रिटर्न

# अब सब्सिडियरी के हाथ लगा 129 करोड़ का सोलर प्रोजेक्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते 5 सालों के दौरान जिन कंपनियों ने निवेशकों को मालामाल बना दिया है, उसमें एडवेट इनर्जी लि. भी एक है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में पिछले 5 सालों के दौरान 6200 प्रतिशत से अधिक की उछाल देखने को मिली है। कंपनी एक बार निवेशकों को बोनस शेयर भी दे चुकी है। इस कंपनी की सब्सिडियरी को गुजरात से एक बड़ा वर्क ऑर्डर हाथ लगा है।

**5 साल में 6200 प्रतिशत का रिटर्न-**



शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 6 प्रतिशत की तेजी के साथ 1621.30 रुपये के लेवल पर था। बीते एक हफ्ते में 40 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिल चुकी है। हालांकि, इसके बाद भी कंपनी के शेयर एक साल में 13 प्रतिशत का रिटर्न दे पाया है। जोकि सेसेंक्स इंडेक्स में 2 प्रतिशत अधिक है। 5 साल पहले अक्टूबर 2020 में इस स्टॉक का भाव 25 रुपये के आस-पास था। तब से शुक्रवार की क्लोजिंग तक कंपनी के शेयरों का भाव 6200 प्रतिशत से अधिक चढ़ा है।

**2022 में बोनस शेयर दे चुकी है कंपनी-** एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि 2022 में यह स्टॉक एक्स-बोनस स्टॉक के तौर पर ट्रेड कर चुका है।

# ड्रोन बनाने वाली कंपनी के शेयरों में लगा अपर सर्किट

## नेट प्रॉफिट 100 करोड़ के पार, 5 साल में 4500प्रतिशत का रिटर्न

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जेन टेक्नोलॉजीज के शेयरों में आज तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। इस ड्रोन बनाने वाली कंपनी के शेयरों में उछाल के पीछे की वजह तिमाही नतीजों को माना जा रहा है। बता दें, जेन टेक्नोलॉजीज के शेयरों में आज अपर सर्किट लगा है। इस उछाल के बाद कंपनी के शेयरों का भाव 1884.45 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है।

**मार्च क्वार्टर में कंपनी का नेट प्रॉफिट 100 करोड़ रुपये के पार-** एक्सचेंज को दी जानकारी में जेन टेक्नोलॉजीज ने बताया है कि सालाना आधार पर कुल नेट प्रॉफिट 101.04 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 189 प्रतिशत बढ़ा है। एक वित्त वर्ष पहले इसी क्वार्टर में कंपनी का नेट प्रॉफिट 35.99 करोड़ रुपये रहा था। जनवरी से मार्च तिमाही के दौरान कंपनी का रेवन्यू 324.97 करोड़ रुपये रहा था। इसके पहले के वित्त वर्ष के चौथी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 94.69 करोड़ रुपये रहा था। यानी सालाना आधार पर कंपनी रेवन्यू 106 प्रतिशत बढ़ा है। बता दें, जेन टेक्नोलॉजीज का इबीआइटीडीए मार्च तिमाही में 138 करोड़ रुपये रहा है।

**डिविडेंड का भी हुआ ऐलान-** जेन टेक्नोलॉजीज ने तिमाही नतीजों के साथ-साथ डिविडेंड देने का भी ऐलान किया है। कंपनी ने एक शेयर पर 200 प्रतिशत का डिविडेंड देने का फैसला किया है। यानी हर एक शेयर पर योग्य निवेशकों को 2 रुपये का फायदा होगा।

**3 महीने में 76 प्रतिशत चढ़ा स्टॉक-** बीते एक हफ्ते में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 27 प्रतिशत की तेजी आई है। 3 महीने से जेन टेक्नोलॉजीज के शेयरों पर दांव लगाने वाले निवेशकों को अबतक 76 प्रतिशत का



फायदा हुआ है। एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 95 प्रतिशत की तेजी आई है। बता दें, 5 साल में कंपनी के शेयरों का भाव 4500 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है।

# टाटा स्टील ने कॉस्ट कटिंग का बनाया प्लान, 190 रुपये तक जा सकता है शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी-टाटा स्टील ने कॉस्ट कटिंग की योजना बनाई है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक और सीएफओ कौशिक चटर्जी ने बताया कि नियंत्रण योग्य लागतों को काबू में करके अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों में 11,500 करोड़ रुपये की लागत कटौती का लक्ष्य रखा गया है। लागत में कटौती का मतलब मुनाफा और स्किल में सुधार को अनावश्यक खर्चों को कम करना है। कौशिक ने विश्लेषक के साथ बातचीत में कहा कि वह विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में कंपनी के लागत परिवर्तन कार्यक्रम की समीक्षा करेंगे कि अब तक क्या किया गया है और अगले 12-18 महीनों में क्या लक्ष्य रखा गया है।

**वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कितनी कटौती-** कौशिक चटर्जी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान टाटा स्टील की सभी इकाइयों में संरचनात्मक लागत में लगभग 6,600 करोड़ रुपये की कटौती की गई। इसे निश्चित लागत में कटौती, मैन्युफैक्चरिंग में स्किल, खरीद में दक्षता और कम कोयला मिश्रणों के जरिये हासिल किया गया। सीएफओ ने कहा, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए




हमारा ध्यान नियंत्रण योग्य कारकों पर है, और हम नियंत्रणीय लागतों पर ध्यान केंद्रित करके लगभग 11,500 करोड़ रुपये की लागत कटौती का लक्ष्य बना रहे हैं।

**कंपनी का प्लान-** यह बयान ऐसे समय में आया है जब कंपनी ब्रिटेन और नीदरलैंड में ग्रीन स्टील बनाने के लिए प्लांट की संरचना में बदलाव कर रही है। वहीं, कलिंगनगर संयंत्र की क्षमता को बढ़ा रही है। कंपनी ने दो विदेशी बाजारों में पहले ही नौकरी में कटौती की घोषणा की है।

### शेयर का हाल

टाटा स्टील के शेयर की बात करें तो यह 157.45 रुपये पर है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन कंपनी के शेयर इस स्तर पर बंद हुए। वहीं, आइसीआइसीआइ सिक्योरिटीज ने शेयर के लिए 190 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है।

# 6000 रुपये के पार जा सकता है हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री की कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर 5 दिन में 15 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। महारप्रतिशत कंपनी के शेयर सोमवार को तेजी के साथ 5159 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल सकती है। कंपनी के शेयर का कवरेज करने वाले 6 मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक, हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर 6000 रुपये के पार जा सकते हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 5675 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 3045.95 रुपये है।

### 6545 रुपये तक का मिला टारगेट

हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों को 6545 रुपये तक का टारगेट मिला है। 6545 रुपये का टारगेट एंटीक स्टॉक ब्रोकिंग ने दिया है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस जेफरीज ने कंपनी के शेयरों को बाय रेटिंग दी है और 6475 रुपये का टारगेट दिया है। वहीं, आइसीआइसीआइ सिक्योरिटीज ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों को 6150 रुपये का प्राइस टारगेट दिया है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस जेपी मॉर्गन ने एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़ी इस महारप्रतिशत कंपनी के शेयरों के लिए 6105 रुपये का टारगेट दिया है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों के लिए ओवरवेट रेटिंग दी है। यह बात सीएनबीसी-टीवी 18 की एक रिपोर्ट में कही गई है।

# अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया 'म्यूजियम मेला' का शुभारंभ

## राज्य संग्रहालय, भोपाल में सप्ताहव्यापी आयोजन; वर्चुअल रियलिटी केंद्र, 11 पुस्तकों और विभागीय मैस्कॉट 'वाकन दादा' का लोकार्पण

**भोपाल ।** अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस (18 मई) के अवसर पर संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, मध्यप्रदेश द्वारा भोपाल स्थित राज्य संग्रहालय परिसर, श्यामला हिल्स में सप्ताहव्यापी 'संग्रहालय मेला' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने मेले का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय पुरातत्त्व ने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। देश अपनी जड़ों को सहेजते हुए आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है। एक सिक्के को देखकर इतिहास बताने की क्षमता रखने वाले पुरातत्वविदों का कार्य अद्भुत है।

उन्होंने डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर से अपनी भेंट का स्मरण करते हुए उनकी ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित किया और संचालनालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने राज्य संग्रहालय परिसर में वर्चुअल रियलिटी अनुभव का




अवलोकन किया और आमजन से आग्रह किया कि वे इस मेला अवश्य देखने आएं। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि एक चौथाई साईट मध्यप्रदेश में स्थित हैं और आने वाले समय में और भी कई स्थल विश्व धरोहर सूची में शामिल हो सकते हैं। मध्यप्रदेश की विरासत अत्यंत समृद्ध है – इसमें 3000 वर्ष पुराने गुफाये, दुर्लभ प्रतिमाएं, मंदिर, स्मारक आदि सम्मिलित हैं। संचालनालय द्वारा इनकी संरक्षण एवं जनसुलभता की दिशा में किए जा रहे प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय हैं। उन्होंने लालबाग, राजवाड़ा, उज्जैन सहित अनेक स्थलों पर चल रहे संरक्षण कार्यों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में प्रथम बार वर्चुअल रियलिटी केंद्र का शुभारंभ किया गया। यह केंद्र आगंतुकों को बिना किसी फिजिकल गाइड के संग्रहालय/स्मारक की गहन यात्रा का इमर्सिव अनुभव प्रदान करता है। वर्तमान में यह केंद्र ओरछा एवं राज्य संग्रहालय भोपाल में स्थापित किया गया है, जिसमें भविष्य में अन्य ऐतिहासिक स्थलों को भी जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण 'भारत की सौर परंपरा' पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी रही, जिसमें देश के प्रमुख सूर्य मंदिरों एवं उनसे संबंधित कलात्मक मूर्तियों को प्रदर्शित किया गया। यह प्रदर्शनी प्रतिदिन प्रातः 10-30 बजे से सायं 5-30 बजे तक आमजन के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।

मेले में विभाग की विभिन्न इकाइयों द्वारा कुल 9 स्टॉल लगाए गए, जिनमें जनसामान्य को संग्रहालय एवं पुरातत्त्व से जोड़ने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। डिजिटाइजेशन स्टॉल में 6.88 करोड़ अभिलेखीय दस्तावेजों के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया गया, जहाँ मशीनों के माध्यम से यह प्रक्रिया लाइव दिखाई गई। 3डी प्रिंटिंग स्टॉल में मूर्तियों की प्रतिकृतियाँ बनाने की तकनीक का प्रदर्शन किया गया, जो संग्रहालयों में प्रदर्शित की जाती हैं।

## एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड ने क्यू-ब्रिज लॉन्च किया

# ग्रामीण भारत के लिए वित्तीय समावेशन में क्रांतिकारी बदलाव हेतु फिनटेक समाधान

**मुंबई, एजेंसी।** एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड , एक अग्रणी फिनटेक कंपनी, ने क्यू-ब्रिज नामक एक अत्याधुनिक, समावेशी और व्यापक फिनटेक समाधान लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य सभी भारतीयों–विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों–के लिए वित्तीय सेवाओं को सरल और एकीकृत बनाना है क्यू-ब्रिज एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म है जो विभिन्न वित्तीय सेवाओं को एक छत के नीचे एकीकृत करता है। इस नाम का अर्थ ही है- क्यूआर, बैंकिंग, रेमिटेंस, इन्क्लूसिव ट्रेवल सर्विसेस, डिजिटल फाइनेंशियल सर्विसेस, गेटवे पीजी और पीओएस इकोसिस्टम–ये सभी एक सशक्त, सुगम और मापनीय समाधान प्रदान करने के स्तंभ हैं। क्यू-ब्रिज को उपभोक्ताओं, व्यापारियों, वित्तीय संस्थानों और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म को जोड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो एक सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र बनाता है जो शहरी और ग्रामीण समुदायों को समान रूप से सशक्त बनाता है। क्यू-ब्रिज के माध्यम से एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड का उद्देश्य वित्तीय सेवाओं की पहुंच को सरल, भरोसेमंद और जन-उपयोगी बनाना है, चाहे उपभोक्ता बैंक से जुड़े हों या न जुड़े हों। क्यू-ब्रिज के तहत प्रदान की जाने वाली प्रमुख सेवाएं- क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान- व्यापारी अब कैश हैंडलिंग से मुक्त होकर सुरक्षित और त्वरित लेनदेन कर सकेंगे। बैंकिंग ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी)- एनएसडीएल और पीएसयू बैंकों के साथ साझेदारी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना। रेमिटेंस / घरेलू मनी ट्रांसफर (डीएमटी)- पैसे भेजने और प्राप्त करने की एक आसान, तेज और सुरक्षित सेवा, खासकर ग्रामीण परिवारों के लिए। आईआरसीटीसी रेलवे टिकट बुकिंग और पर्यटन सेवाएं- ग्रामीण क्षेत्रों को देश और पर्यटन से जोड़ने की एक आसान पहुंच। डिजिटल लेनदेन एवं वित्तीय सेवाएं (एमओएस धनवृद्धि सेवाएं और माइक्रो एटीएम/ एईपीएस)- बचत, ऋण, भुगतान, एईपीएस और माइक्रो एटीएम सेवाएं प्रदान करना। पेमेंट गेटवे और पीओएस इकोसिस्टम- व्यापारियों के लिए डिजिटल भुगतान को सरल बनाना और डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना। सीएमएस (कैश मैनेजमेंट सिस्टम)- सेवा वितरण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने के लिए एकीकृत समाधान। क्यू-ब्रिज भारत के दिल–ग्रामीण भारत–के लिए एक क्रांतिकारी फिनटेक पहचान है। इसका उद्देश्य एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म बनाना है जहाँ उपयोगकर्ता एक ही जगह से डिजिटल लेनदेन, रेमिटेंस, और बैंकिंग जैसी सभी सेवाओं का लाभ ले सकें। चाहे वह एक ग्रामीण दुकानदार हो या शहरी उपभोक्ता, क्यू-ब्रिज की लचीलापन और समावेशिता समाज के हर वर्ग की आवश्यकताओं को पूरा करती है। एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड ने हमेशा वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। क्यू-ब्रिज के साथ, कंपनी भारत के उपेक्षित क्षेत्रों तक विश्वस्तरीय समाधान पहुंचा रही है। यह ग्रामीण ब्रांड की दृश्यता को बढ़ावा देता है और लोगों को एक विश्वसनीय, पारदर्शी तरीके से वित्तीय इकोसिस्टम से जुड़ने में सक्षम बनाता है। क्यू-ब्रिज का मूल उद्देश्य ग्रामीण भारत की वित्तीय समस्याओं का समाधान करना है, जहाँ पारंपरिक बैंकिंग सेवाओं की पहुँच सीमित है। यह समाधान डिजिटल वित्तीय सेवाओं की पहुँच को आसान बनाकर ग्रामीण समुदायों को अधिक आत्मनिर्भर बनाता है और नकदी पर निर्भरता को कम करता है।

# पीडब्ल्यू ने शानदार प्रदर्शन करने वाले अपने छात्रों की सफलता का जश्न मनाया

**विदिशा ।** एजुकेशन कंपनी फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के एमपी बोर्ड वाला ने कक्षा 10वीं के मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के परिणामों में शानदार प्रदर्शन करने वाले अपने छात्रों की सफलता का जश्न मनाया। पीडब्ल्यू के 10 छात्र राज्य के टॉप 10 रैंकर्स में शामिल हैं।

इस सूची में शामिल हैं - प्रज्ञा जैस्वाल(रैंक 1), आयुष द्विवेदी (रैंक 2), अनुराग कुमार साहू (रैंक 5), सौरभ त्रिपाठी और वैष्णवी शुक्ला (रैंक 6), वेदिका पटेल (रैंक 7), अभिमन द्विवेदी और आयुष प्रजापति (रैंक 8), शुभम तिवारी (रैंक 9), और वेदिका चौरसिया (रैंक 10)। ये सभी छात्र पीडब्ल्यू के उड़ान और रूद्र एमपी बोर्ड वाला बैचों का हिस्सा थे, जो एमपी बोर्ड के छात्रों को संरचित पढ़ाई और नियमित मूल्यांकन के माध्यम से मदद करते हैं।

इसके अलावा, 248 छात्रों ने 95त्न से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 12वीं के परिणामों में भी पीडब्ल्यू के 4 छात्र टॉप 10 में शामिल हुए हैं - हर्ष पांडे (रैंक 2), राधा साहू (रैंक 8), जीवनलाल बाथरे (रैंक 9) और अनामिका पटेल (रैंक 10)।

# फ्लेक्सी कैप फंड की लोकप्रियता बढ़ी

## अस्थिर बाज़ार में निवेशकों को वृद्धि और विविधीकरण की तलाश

**मुंबई, एजेंसी।** सीमा पर तनाव, वैश्विक व्यापार की अनिश्चितताओं और कॉर्पोरेट आय में कमी के बीच अनिश्चित बाज़ार परिदृश्य में, निवेशक फ्लेक्सी-कैप म्यूचुअल फंड पर अधिक से अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ये फंड, फंड मैनेजरों को लार्ज, मीडियम और स्मॉल कैप (बड़े, मध्यम और छोटे बाज़ार पूंजीकरण) शेयरों में परिसंपत्तियों को गतिशील रूप से आवंटित करने की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें बाज़ार की बदलती परिस्थितियों के अनुरूप तुरंत पहल करने में मदद मिलती है एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के अनुसार, फ्लेक्सी-कैप फंड में शुद्ध प्रवाह वित्त वर्ष '25 में तीन गुना से अधिक बढ़कर 49,580 करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष '24 के 15,502 करोड़ रुपये था। इक्वेशन के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी, कपिल होलकर कहते हैं, ऐसे माहौल में जहां मैक्रो संकेत तेज़ी से बदल रहे हैं और रुझान वैश्विक सुर्खियों से प्रेरित है, फ्लेक्सीकैप फंड लार्ज कैप की स्थिरता को मिड और स्मॉल कैप की वृद्धि की क्षमता के साथ जोड़ते हैं, साथ ही फंड मैनेजरों को बाज़ार के अवसर के अनुरूप पहल करने की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं। फ्लेक्सी-कैप श्रेणी के विकल्पों में से कुछ फंड अपनी अनुकूलनीय रणनीतियों और केंद्रित स्टॉक चयन के लिए सबसे अलग हैं। इसका एक उदाहरण है- टाटा फ्लेक्सी कैप फंड, जिसने मार्केट कैप में विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो बनाए रखा है



और लंबी अवधि में वृद्धि की संभावना वाली बेहतर गुणवत्ता वाली कंपनियों पर ध्यान केंद्रित किया है। जोखिम और लाभ की बदलती स्थितियों के आधार पर बदलाव करने की इसकी क्षमता इसे अनुशासन के साथ लचीलापन चाहने वालों के लिए एक व्यवहार्य विकल्प बनाती है। टाटा फ्लेक्सी कैप फंड ने पिछले एक साल में 11.3 प्रतिशत का वार्षिक रिटर्न दिया है, जो निफ्टी 500 टीआरआई (6.4 प्रतिशत) और निफ्टी 50 टीआरआई (6.6 प्रतिशत) से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। पांच साल पहले शुरू की गई 10,000 रुपये की मासिक एसआईपी बढ़कर 8.9 लाख रुपये हो गई होगी, जो लगभग सात गुना वृद्धि है। 2018 में फंड की शुरुआत के बाद से, वही एसआईपी 13.2 लाख रुपये की होगी। फंड ने 3 साल के एसआईपी पर, 16.3 प्रतिशत रिटर्न दिया है, जो निफ्टी 50 टीआरआई के मुकाबले 14.8 प्रतिशत से ज़्यादा है।

# एलुमिनियम और स्टील वैश्विक व्यापार युद्ध के केंद्र में, भारत को बनाना है एलुमिनियम का वैश्विक केंद्रः अनिल अग्रवाल

**मुंबई, एजेंसी ।** वेदांता समूह के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल ने वैश्विक व्यापार में हो रहे बड़े बदलावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि स्टील और एलुमिनियम जैसे रणनीतिक धातु अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध के मुख्य बिंदु बन चुके हैं। अमेरिका ने इन धातुओं के आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाकर कनाडा और मैक्सिको जैसे अपने सहयोगी देशों को भी कोई रियायत नहीं दी है ।उन्होंने बताया कि ये दोनों धातुएं हर आधुनिक ढांचे की नींव हैं – हवाई अड्डों से लेकर रेलवे, घर, वाहन और मोबाइल तक ।

लेकिन आने वाले वर्षों में एलुमिनियम अपनी हल्की और 100 प्रतिशत पुनर्चक्रण योग्य प्रकृति के चलते स्टील से भी अधिक प्रासंगिक बन जाएगा । सरकार द्वारा स्टील पर 12 प्रतिशत सेफगार्ड ड्यूटी लगाए जाने की सराहना करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि इसी तरह का निर्णय एलुमिनियम के लिए भी लिया जाएगा, ताकि घरेलू उद्योग को सस्ते आयात से सुरक्षा मिल सके । अनिल अग्रवाल ने कहा, भारत के पास विशाल बॉक्साइट भंडार हैं । यदि हम सही नीतियों और निवेश के साथ आगे बढ़ें, तो भारत न केवल आत्मनिर्भर बन सकता है, बल्कि दुनिया का एलुमिनियम हब भी बन सकता है । उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि व्यापार युद्ध से प्रभावित बड़े वैश्विक उत्पादक अब उभरते बाजारों में सस्ते दाम पर माल खपाने की कोशिश करेंगे, ऐसे में भारत को सतर्क और सजग रहकर अपने उद्योग हितों की रक्षा करनी होगी ।

# आलिया भट्ट ने दिखाया पूल बूट कैंप का जलवा



बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने बताया कि उनका सोमवार थोड़ा सुस्त चल रहा था, लेकिन जब उन्होंने पूल बूट कैंप किया, तो उनका मूड बेहतर हो गया और एनर्जी बढ़ गई। आलिया भट्ट ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की।

इस फोटो में वह अपने फिटनेस ट्रेनर ईशान मेहरा के साथ स्विमिंग पूल में नजर आ रही हैं। दोनों पूल के किनारे कैमरे की तरफ देखकर मुस्कुराते हुए पोज दे रहे हैं। आलिया भट्ट ने अपनी पोस्ट में कैप्शन लिखा, ग्लूमी मंडे प्लस अ पूल बूट कैंप पावर्ड बाय ईशान मेहरा। यानी सोमवार थोड़ा सुस्त था, लेकिन उनके ट्रेनर ईशान मेहरा के साथ किए गए पूल बूट कैंप ने उनके दिन को बेहतर बना दिया। वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया भट्ट जल्द ही एक नई फिल्म अल्फा में नजर आएंगी।

यह महिलाओं पर आधारित जासूसी फिल्म है। इस फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी दोनों ही जासूस के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन शिव रावल कर रहे हैं। अल्फा फिल्म यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म है। इस स्पाई यूनिवर्स की शुरुआत एक था टाइगर फिल्म से हुई थी, जिसमें सलमान खान और कैटरीना कैफ थे। इसके बाद टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान और टाइगर 3 जैसी फिल्में आईं। अल्फा फिल्म इसी साल क्रिसमस के दिन, यानी 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आलिया के पास एक और बड़ी फिल्म संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर है। इस फिल्म में आलिया के साथ उनके पति रणबीर कपूर और एक्टर विक्की कौशल भी नजर आएंगे। यह फिल्म आलिया और भंसाली की दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले दोनों ने साथ में 2022 में आई हिट फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में काम किया था।

# बब्बू मान और गुरु रंधावा मेरे रोल मॉडल है



**टीवी के हिट शो छोटी सरदारनी में मेहर के किरदार से मशहूर हुई एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया अब सिनेमा की दुनिया में कदम रख रही हैं। वह अपनी पहली पंजाबी फिल्म शौंकी सरदार के ज़रिए बड़े पर्दे पर डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म में वह बब्बू मान और गुरु रंधावा जैसी जानी-मानी हस्तियों के साथ काम कर रही हैं।**

निमृत ने कहा, बब्बू मान सर और गुरु रंधावा के साथ काम करना मेरे लिए बहुत ही प्रेरणादायक अनुभव था। मैं बचपन से इन दिग्गजों को देखती, सुनती और उनकी सराहना करती आई हूं। वे मेरे लिए रोल मॉडल की तरह हैं। उन्होंने कहा, पहले दिन से ही, उन्होंने गर्मजोशी और सम्मान के साथ मेरा स्वागत किया। बब्बू सर अपने अभिनय में इतनी गहराई और गंभीरता लाते हैं कि सेट पर हर कोई अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित होता है। वहीं गुरु इतने स्वाभाविक रूप से आकर्षक और सहयोगी हैं कि उनके साथ काम करना बहुत सहज लगता है। एक्शन और कट के बीच, मैं बहुत कुछ सीख रही थी, जैसे कोई मास्टरक्लास चल रही हो। शौंकी सरदार की कहानी समाज, संस्कृति, और बदलाव से जुड़ी है। यह केवल मनोरंजन नहीं बल्कि सोचने के लिए प्रेरित करने वाली फिल्म है। सेट से जुड़े सूत्रों ने निमृत, बब्बू मान और गुरु रंधावा, तीनों के बीच एक मजबूत दोस्ती का खुलासा किया। सूत्रों ने बताया, वे न केवल ऑनस्क्रीन बल्कि ऑफस्क्रीन भी खूब मजाक-मस्ती करते हैं। उनकी दोस्ती और आपसी समझ परदे पर भी साफ झलकती है।

हाल ही में फिल्म शौंकी सरदार का ट्रेलर जारी किया गया, जिसमें पंजाब की संस्कृति, जीवनशैली और जज्बातों को खूबसूरती से दर्शाया गया। फिल्म में जमकर एक्शन सीन हैं, लेकिन यह भाईचारे और गहरे पारिवारिक रिश्तों को भी उजागर करती है। ट्रेलर में गुरु रंधावा को मजेदार किरदार निभाते हुए दिखाया गया है, जो कहानी में दिलचस्प मोड़ लाते हैं और उसे आगे बढ़ाते हैं। इस फिल्म का निर्देशन धीरज केदारनाथ रत्तन ने किया है। वहीं ईशान कपूर, शाह जंडियाली, धर्मिंदर बाटोली और हरजोत सिंह इसे मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज और बॉस म्यूजिका रिकॉर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले 751 फिल्म्स के सहयोग से किया गया है। यह फिल्म 16 मई, 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।



# ट्रोलर्स पर भड़कीं मौनी रॉय, बोलीं वो सिर्फ ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं

हाल ही में 'द भूतनी' में नजर आईं अभिनेत्री मौनी रॉय अपने लुक में बदलाव करने और प्लास्टिक सर्जरी कराने को लेकर ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। लोगों का कहना है कि मौनी ने प्लास्टिक सर्जरी कराई है और इसी वजह से अब वो ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। अब ट्रोलिंग और अपने लुक में बदलाव पर मौनी रॉय ने बात करते हुए प्रतिक्रिया दी है।

## मुझे फर्क नहीं पड़ता

नयनदीप रक्षित के साथ यूट्यूब चैनल में बातचीत के दौरान मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग को लेकर प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री ने कहा, अब यह सब मुझे परेशान नहीं करता। मैं पहले उन्हें ब्लॉक कर देती थी। अब मैं इसके बारे में बेपरवाह हो गई हूं। अगर मेरा मूड खराब होता है, तो मैं सोचती हूं कि ये लोग कहां जा रहे हैं? मुझे लगता है कि वे नरक में जा रहे हैं। बहुत बुरा कर्म है। अगले ही पल मुझे लगता है कि वे बिना चेहरे वाले लोग हैं जो स्क्रीन के पीछे छिपकर बकवास लिख रहे हैं। वे कितनी दयनीय जिदगी जी रहे हैं। अगर इससे उनको खुशी मिलती है, तो ऐसा ही करें। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।

## वो नहीं जानते हमने कितनी मेहनत की

मौनी ने आगे कहा, जब कोई कैरेक्टर को लेकर गलत बोलता है, तो कभी-कभी मुझे बुरा लगता है। लेकिन बाकी नहीं। वो केवल ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं। वे नहीं समझते कि पहला रोल पाने के लिए क्या करना पड़ता है, खासकर तब जब आप किसी फिल्मी परिवार से नहीं आते हैं। ऑडिशन, रिजेक्शन इनमें से कुछ भी आसान नहीं है।

## 'द भूतनी' में नजर आई थीं मौनी

मौनी रॉय हाल ही में 'द भूतनी' में नजर आई थीं। इस हॉरर कॉमेडी में उनके साथ संजय दत्त, पलक तिवारी और सनी सिंह भी प्रमुक भूमिकाओं में नजर आए थे। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई थी।

# ठग सुकेश मामले पर बोलीं जैकलीन फर्नांडिस



जैकलीन फर्नांडिज 78वें कांस फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनीं। इस दौरान उन्होंने अपनी दिवंगत मां और ठग सुकेश को लेकर उनकी जिंदगी में होने वाली उथल-पुथल पर भी बात की। जैकलीन ने कहा कि इस सबके चलते उन्हें पब्लिक स्क्रूटनी का भी सामना करना पड़ा। जैकलीन ने सुकेश के मामले में सीधे तौर पर तो नहीं लेकिन मुश्किल घड़ी में पेरेंट्स से मिलने वाले सपोर्ट पर बात की। द हॉलीवुड रिपोर्टर से बात करते हुए उन्होंने कहा- 'इंडस्ट्री में हम एक्टर के तौर पर जिस दौर से गुजरते हैं, हमारे पेरेंट्स को भी उससे गुजरना पड़ता है। एक्टर होने के नाते आपसे जुड़ी हर चीज पब्लिक के बीच है। माता-पिता के लिए हर वक्त आपका साथ देना मुश्किल होता है। मेरी मां को हमेशा मुझे पर गर्व था और वो हमेशा चाहती थीं कि मैं कोशिश करती रहूं। सपने देखती रहूं।' बता दें कि जैकलीन उस समय विवादों में घिर गई, जब ठग सुकेश के साथ उनकी कुछ रोमांटिक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ठग सुकेश चंद्रशेखर बीते कई सालों से जेल में बंद है। जांच में सामने आया कि एक समय में जैकलीन, सुकेश के साथ रिलेशनशिप में रह चुकी हैं। इसके चलते एक्ट्रेस भी जांच के दायरे में आ गई थीं। जांच में सामने आया कि सुकेश ने खुद को बिजनेसमैन बताते हुए जैकलीन से रिश्ता रखा था। उस समय वह उन्हें कई महंगे तोहफे भी देता था। वहीं, जैकलीन ने पुलिस को दिए बयान में कहा था कि वे नहीं जानती थीं कि सुकेश एक ठग है। जैकलीन के इनकार के बाद भी सुकेश अक्सर खास मौकों पर जेल से उनके लिए चिट्ठी लिखता है और उन्हें कोई ना कोई तोहफा देने का दावा करता है।

# परेश रावल के फिल्म छोड़ने पर बोले सुनील शेट्टी



बॉलीवुड की चर्चित कॉमेडी फिल्मों की फ्रेंचाइजी 'हेरा फेरी' इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एक्टर परेश रावल ने 'हेरा फेरी 3' से खुद को अलग कर लिया है जिसके बाद फैंस काफी निराश हैं। 'बाबू भैया' के फिल्म छोड़ने की खबर पर जब 'श्याम' यानी सुनील शेट्टी परेश रावल के फिल्म छोड़ने की खबर पर बात करते हुए कहा, 'बिना बाबू भैया और अक्षय कुमार के राजू के 'हेरा फेरी' जैसी कोई चीज हो ही नहीं सकती।' सुनील ने साफ-साफ शब्दों में कहा कि अगर परेश रावल फिल्म में नहीं होंगे, तो श्याम जैसे किरदार का वजूद ही खत्म हो जाएगा। उनका कहना है कि हेरा फेरी सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक अनुभव है, जो तब तक पूरा नहीं हो सकता जब तक तीनों कलाकार एक साथ न हों।



# पत्रलेखा ने 'लव गेम्स' में बोल्ड सीन को लेकर बताया खतरनाक सच

एक्ट्रेस पत्रलेखा ने अपने सिनेमाई करियर की शुरुआत सिटीलाइट्स फिल्म से की थी, जिसमें उनके साथ राजकुमार राव मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद अभिनेत्री ने साल 2016 में विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म लव गेम्स में काम किया, जिसमें उन्होंने बोल्ड सीन किए थे। अब पत्रलेखा ने फिल्म में बोल्ड सीन करने को लेकर एक खुलासा किया है। साथ ही कहा कि वह अब बदल गई हैं।

## बोल्ड सीन करने के पीछे की बताई वजह

हाल ही में अभिनेत्री पत्रलेखा बॉलीवुड बबल के साथ एक इंटरव्यू में शामिल हुईं। इस दौरान एक्ट्रेस से सवाल किया गया कि क्या वह फिर से लव गेम्स फिल्म जैसी बोल्ड भूमिका निभाएंगी। इसके जवाब में अभिनेत्री ने कहा, नहीं, मैं इसे फिर से नहीं करूंगी। 10 साल पहले की पत्रलेखा एक बहुत अलग, बहुत छोटी लड़की थी। उसके लिए काम करते रहना बहुत जरूरी था। शायद वह चिंता से जूझ रही थी, उसे सिर्फ काम चाहिए था। मुझे तब इस बात का एहसास नहीं था, लेकिन मैंने वो बोल्ड सीन शायद हताश होकर या डिप्रेशन में किया था।'

इस फैसले के लिए वह खुद को दोषी मानती हैं

आगे बातचीत में अभिनेत्री ने कहा, 'अब वर्तमान में जो पत्रलेखा है वह ऐसा नहीं कर सकती। मैं एक बात और स्पष्ट कर दूं कि फिल्म में कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने वही बनाया जो स्क्रिप्ट में लिखा था, लेकिन क्या मैं इसके साथ न्याय कर सकती थी? नहीं। क्या मैं उस फिल्म के लिए सही व्यक्ति थी? नहीं। यह मुझ पर निर्भर था। मुझे इसके बारे में सोचना चाहिए था और डर के कारण ऐसा नहीं करना चाहिए था क्योंकि सच्चाई यह है कि मेरे पास काम नहीं था। इसलिए मैं ईमानदारी से उस फैसले के लिए खुद को दोषी मानती हूं।'



# रश्मिका मंदाना संग शादी पर विजय देवरकोंडा का रिएक्शन

साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा और एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के रिश्ते को लेकर आए दिन कुछ ना कुछ छपता रहता है। हाल ही में विजय और रश्मिका की सगाई की खबरें भी आई थीं। अपने हालिया एक इंटरव्यू में विजय ने सगाई की अफवाहों, शादी और रश्मिका को लेकर बात की है।

## रश्मिका को बताया खूबसूरत और मेहनती


फिल्मफेयर मैगजीन को दिए एक इंटरव्यू में रश्मिका मंदाना के बारे में बात करते हुए विजय ने उन्हें मेहनती बताया। उन्होंने कहा- मैंने रश्मिका के साथ ज्यादा फिल्में नहीं की हैं। मुझे उनके साथ और फिल्में करनी चाहिए। वो एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। वो एक खूबसूरत महिला हैं इसलिए केमिस्ट्री में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। वह बहुत मेहनती हैं। वो अपने इच्छा और कॉन्फिडेंस से किसी भी चीज को हरा सकती हैं। वो दयालु हैं और अपने ऊपर बाकियों के आराम और खुशी को प्रायोरिटी देती हैं।

## फिलहाल शादी का कोई इरादा नहीं है

इंटरव्यू के दौरान रश्मिका को डेट करने की बात पर विजय ने ना तो इसे खारिज किया और ना ही स्वीकार किया। शादी की बात पर एक्टर ने कहा- मैं शादी जरूर करूंगा। फिलहाल मैं पार्टनर की तलाशा नहीं कर रहा हूं। विजय से जब पूछा गया कि क्या रश्मिका उनकी आदर्श पत्नी के पैमाने में फिट बैठती हैं? एक्टर ने जवाब में कहा- कोई भी अच्छी दिल वाली महिला इस पैमाने में फिट बैठती है। रश्मिका और विजय को अक्सर साथ देखा जाता है। दोनों को कई बार डेट पर जाते देखा गया है। जिसके चलते दोनों के रिलेशनशिप में होने की अफवाह है। हालांकि, दोनों ने अब तक अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियली एक्सेप्ट नहीं किया है। रश्मिका मंदाना हाल ही में फिल्म सिकंदर में सलमान खान के साथ नजर आई थी। फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म रिलीज होने के कुछ घंटे बाद रश्मिका को मुंबई के एक रेस्टोरेंट में रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा के साथ देखा गया था।

- साभार

# IPL 2025 में जमकर चला गिल का बल्ला, विराट कोहली का तोड़ दिया ये बड़ा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के 60वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन कर क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया। गिल ने 53 गेंदों में नाबाद 93 रनों की शानदार पारी खेलकर न केवल अपनी टीम को 10 विकेट से शानदार जीत दिलाई, बल्कि टी 20 क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इस पारी के साथ गिल ने दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए टी 20 क्रिकेट में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में दूसरा स्थान हासिल किया।

### गिल ने कोहली को छोड़ा पीछे

शुभमन गिल ने टी-20 क्रिकेट में 5000 रन सिर्फ 154 पारियों में पूरे किए, जबकि विराट कोहली को इस मुकाम तक पहुंचने में 167 पारियां लगी थीं। गिल अब भारत के लिए ञ्20 में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में केएल राहुल (143 पारियां) के बाद दूसरे नंबर पर हैं। भारतीय बल्लेबाजों में सुरेश रैना (173 पारियां) इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

टी-20 में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले बल्लेबाज

क्रिस गेल- 132 पारियां
केएल राहुल- 143 पारियां
शॉन माश- 144 पारियां
डेवोन कॉनवे- 144 पारियां
बाबर आजम- 145 पारियां
शुभमन गिल- 154 पारियां

वैश्विक स्तर पर गिल टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले छठे बल्लेबाज बने हैं। वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल 132 पारियों के साथ इस सूची में शीर्ष पर हैं।

### दिल्ली के खिलाफ गिल का जलवा

मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए केएल राहुल के शानदार शतक की बदौलत 20 ओवर में 3 विकेट पर 199 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में गुजरात टाइटंस की ओर से शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। सुदर्शन ने 108 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि गिल ने 93 रन बनाए। दोनों ने मिलकर बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य को हासिल कर लिया और गुजरात को 10 विकेट से ऐतिहासिक जीत दिलाई। इस जीत के साथ गुजरात टाइटंस ने आईपीए 2025 के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली।

### क्यों हैं गिल कोहली के उत्तराधिकारी?


शुभमन गिल को लंबे समय से विराट कोहली का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। उनकी तकनीक, दबाव में शांत रहने की क्षमता और लगातार रन बनाने की काबिलियत उन्हें खास बनाती है। इस रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि गिल न केवल मौजूदा दौर के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं, बल्कि भविष्य में भारतीय क्रिकेट के बड़े सितारे बनने की पूरी क्षमता रखते हैं।

# इंग्लैंड दौरे से पहले सख्त डाइट और ट्रेनिंग पर सरफराज खान,



## वजन में की भारी कटौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले महीने होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान ने खूब पसीना बहा रहे हैं और जमकर मेहनत कर रहे हैं। सरफराज फिट होने की राह पर हैं और सख्त डाइट प्लान के जरिए उन्होंने 10 किलो वजन भी घटाया है। एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी साझा की गई है। पिछले साल 2024 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले सरफराज ने एक भी विदेशी टेस्ट मैच नहीं खेला है। बल्लेबाज को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों के लिए इंडिया ए टीम में चुना गया है। इस बार उन्हें भी टीम में मौका मिले इसके लिए वह अपनी फिटनेस पर काम कर रहे हैं क्योंकि यही एक चीज में जिसे लेकर उन्हें अकसर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। भारत ए को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैच (30 मई-2 जून को कैंटरबरी में और 6-9 जून को नॉर्थम्प्टन में) और सीनियर इंडिया टेस्ट टीम के खिलाफ एक इंट्रा-स्क्वाड मैच (13-16 जून को बेकेनहैम में) खेलना है।



# केएल राहुल लोगों की अपेक्षा कहीं बेहतर खिलाड़ी हैं:मूडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज टॉम मूडी ने कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को उनकी वास्तविक क्षमता का पूरा श्रेय नहीं दिया गया है। उन्होंने रविवार को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ नाबाद 112 रनों की पारी खेलकर दिल्ली कैपिटल्स को बल्लेबाजी क्रम के पतन से बचाया था। दिल्ली की शुरुआत खराब रही और पहले पांच ओवरों में 1 विकेट पर 28 रन ही बना सकी। लेकिन राहुल की शानदार बल्लेबाजी ने उन्हें लगभग 200 रन के आंकड़े तक पहुंचा दिया। हालांकि साई सुदर्शन (नाबाद 108) और शुभमन गिल (नाबाद 93) ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर गुजरात टाइटन्स के लिए प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। राहुल ने 60 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और 172.30 के स्ट्राइक रेट से 112 रन बनाकर नाबाद रहे। आईपीएल 2025 में वह 148.04 की स्ट्राइक रेट से 12 पारियों में 493 रन बना चुके हैं। आईपीएल 2018 के बाद से यह उनका सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है, जब उन्होंने 14 मैचों में 158.41 की दर से 659 रन बनाए थे। मूडी ने पर कहा, मुझे हमेशा केएल राहुल के बारे में आलोचना काफी असाधारण लगती है। मुझे लगता है कि वह बहुत से लोगों की तुलना में बहुत बेहतर खिलाड़ी हैं। और जिस तरह से मैं इस पारी को देखता हूं, मुझे लगता है कि यह एक शानदार पारी है। उन्होंने कहा, और हां, देखिए यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन मैच जीतता है, आप जानते हैं, वह प्लेयर ऑफ द मैच है या नहीं। लेकिन जिस तरह से मैं इसे और बैटिंग कार्ड को देखता हूं, जो उन्हें निराश करता है और 220 तक नहीं पहुंच पाते है, वह है अन्य बल्लेबाज जो केवल 150 पर ही आउट हो गए। (बल्लेबाज़ी के अनुकूल) सतह पर, आप प्रभाव चाहते हैं।

उन्होंने कहा, जब आपके पास कोई ऐसा खिलाड़ी होता है जो एंकरिंग करता है, जो कुल स्कोर बनाता है, तो जब आप आते हैं तो आपकी भूमिका खेल को प्रभावित करना होती है, दस गेंदों पर 30 रन, उस तरह की पारी, जो आपको अचानक 220 तक ले जाती है। एक ही व्यक्ति पर उंगली उठाने के बजाय, मुझे लगता है कि यह इसके विपरीत है। दस ओवर के निशान तक दिल्ली कैपिटल्स 1 विकेट पर 81 रन बना चुकी थी, जिसमें राहुल ने 38 गेंदों पर 56 रन बनाए। हालांकि 15वें और 18वें ओवर के बीच राहुल ने केवल छह गेंदों का सामना किया, जबकि अक्षर पटेल और ट्रिस्टन स्टब्स ने अधिकांश गेंदें खेली। मूडी के अनुसार, इस बदलाव ने कुछ हद तक राहुल की गति को बाधित किया। मूडी ने कहा, टीम के पास 220 तक पहुंचने का अवसर था। टीम ने ऐसा नहीं किया। यह कोई व्यक्तिगत खेल नहीं है। यह एक टीम खेल है। और यहीं पर यह संवाद होता है कि कौन आ रहा है और जब आप मैदान पर होते हैं तो संवाद होता है - ठीक है, हमें इस ओवर की शुरुआत में दो बाउंड्री लगाने का लक्ष्य रखना है; चलो इसे एक बड़ा ओवर बनाते हैं। मूडी ने आगे कहा, मेरे हिसाब से, वे उस बीच (अवधि में) थोड़ा निष्क्रिय रहे।

# श्रेयस अय्यर ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स टीम आईपीएल 2025 प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी है. अय्यर ने पिछले साल अपनी कप्तानी में केकेआर को चैंपियन बनाया था, इस बार वह पंजाब किंग्स की कमान संभाले हुए हैं. इस बार टीम को उम्मीद है कि वे अपना पहला खिताब जीत सकते हैं.

### श्रेयस अय्यर ऐसा करने वाले पहले कप्तान बने

पंजाब किंग्स ने रविवार को अपने लीग स्टेज का 12वां मैच राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेला. पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 219 रन बनाए, जवाब में राजस्थान 209 रन ही बना पाई. पंजाब ने 10 रनों से मुकाबले को जीत लिया. रविवार को ही हुए दूसरे मैच में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली को 10 विकेट से हराया, इसके बाद गुजरात के साथ पंजाब और बेंगलूरु का प्लेऑफ टिकट भी कंफर्म हो गया. श्रेयस अय्यर आईपीएल इतिहास के पहले कप्तान



बन गए हैं, जिन्होंने अपनी कप्तानी में 3 अलग-अलग टीमों को प्लेऑफ में पहुंचाया है. पिछले साल उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स को चैंपियन बनाया. इससे पहले अय्यर ने दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल तक पहुंचाया था. रविवार को हुए मैच से पहले श्रेयस अय्यर की उंगली में चोट लग गई थी, इस कारण वह फील्डिंग नहीं कर पाए थे. हालांकि उन्होंने बल्लेबाजी करते हुए 30 रन बनाए थे. उम्मीद है कि वह प्लेऑफ के मैचों तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे, वैसे अभी टीम को लीग स्टेज के 2 मैच और खेलने हैं. पंजाब किंग्स इस बार शानदार नजर आ रही है, उसने कई करीबी मैच जीते हैं. इसको लेकर पंजाब किंग्स की मालकिन प्रीती जिंटा भी काफी खुश हैं, वह बोल चुकी हैं कि पहले हम जीते हुए मैच हार जाया करते थे लेकिन इस बार हम हारे हुए मैच जीत रहे हैं.

### पंजाब किंग्स की निगाहें अब टॉप 2 पर

अब श्रेयस अय्यर एंड टीम की नजर टॉप 2 पर आने की होगी, क्योंकि उन 2 टीमों को फाइनल खेलने के 2 मौके मिलते हैं जबकि इसके उलट अन्य 2 टीमों को फाइनल में जाने के लिए 2 लगातार मैच जीतने होते हैं. पंजाब के अभी 12 मैचों के बाद 17 अंक हैं, उसका नेट रन रेट 0.389 का है. अगले 2 मैच उसके दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के विरुद्ध है.

# योगी आदित्यनाथ के साथ काम करेंगे टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी वैसे तो इन दिनों आईपीएल खेलने में बिजी हैं. लेकिन, इस बीच उन्हें लेकर एक बड़ी खबर आ रही है. ये खबर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उनके काम करने को लेकर जुड़ी है. दाएं हाथ के अनुभवी भारतीय गेंदबाज ने खुद इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी है. शमी ने



अपने इंस्टाग्राम पर बताया कि वो उत्तर प्रदेश के आगे ले जाने की मुहिम का हिस्सा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हैं. अब सवाल है कि CM योगी आदित्यनाथ का काम क्या है, जिसमें मोहम्मद शमी उनका साथ देने और हाथ बंटाने को लेकर उत्साहित हैं. शमी के इंस्टा पोस्ट से जो पता चलता है, उसके मुताबिक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का जोर एक बेहतर समाज के निर्माण पर है. उन्होंने हर स्तर पर विकास और प्रगति की इच्छा जाहिर की है. CM योगी आदित्यनाथ की उसी मुहिम का हिस्सा अब मोहम्मद शमी भी बनना चाहते हैं. शमी ने कहा हम एक होकर काम करेंगे तो सपनों को साकार कर सकते हैं. मोहम्मद शमी से छ्रयोगी ने ये बातें तब शेयर की, जब वो उनसे मिलने पहुंचे थे. फिलहाल, तो मोहम्मद शमी आईपीएल 2025 में खेल रहे हैं, जहां वो सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं. मोहम्मद शमी और उनकी नई टीम सनराइजर्स, दोनों के लिए ये सीजन उतना अच्छा रहा नहीं. शमी ने इस सीजन अब तक खेले 9 मैचों में सिर्फ 6 विकेट हासिल किए हैं.

# भारत को हराने के लिए इस अंग्रेज ने दारू से कर ली तौबा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ सीरीज जीतने के लिए इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कड़ी मशक्कत शुरू कर दी है। इसके लिए वह स्वःनियंत्रण पर भी काम कर रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने दारू से तौबा कर लिया है।

दअसल, बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ सीरीज और एशेज के लिए फिट रहने के लिए फिटनेस के रास्ते पर चलना शुरू किया है। इसकी शुरुआत उन्होंने शराब से दूरी बनाकर की है। चोट के कारण बेन स्टोक्स को छोड़ने पड़े हैं कई मुकाबले बेन स्टोक्स ने 'शराब छोड़ दी' ताकि वह इंग्लैंड से खेलने के लिए पूरी तरह से फिट हो सकें। बेन स्टोक्स को लगता है कि पिछली चोटों में उस रात की बड़ी भूमिका हो सकती है, जब उन्होंने साथियों के साथ शराब पी थी। इंग्लैंड के ऑलराउंडर ने दिसंबर 2024 में हैमस्ट्रिंग की सर्जरी कराई थी। अगस्त में 'द हंड्रेड' के दौरान भी उन्हें चोट लगी थी। इस कारण उन्हें श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट से बाहर होना पड़ा।



बाद में पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए भी वह पूरी तरह से फिट नहीं थे। हैमिल्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट के दौरान उनकी चोट फिर से उभर आई।

### बेन स्टोक्स ने 2 जनवरी से नहीं पी शराब

इंग्लैंड का घरेलू सत्र जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट से शुरू होगा। इसके बाद भारत के खिलाफ पांच टेस्ट की एक कठिन सीरीज होनी है। इंग्लैंड के घरेलू सत्र का समापन 6 महीने बाद एशेज सीरीज के साथ होता है। बेन स्टोक्स के हवाले से लिखा है कि उन्होंने 2 जनवरी से शराब नहीं पी है.

# आईपीएल में सबसे लंबे खिलाड़ी की एंट्री

## प्लेऑफ में पहुंचते ही आरसीबी ने चला मास्टरस्ट्रोक, बाबर आजम को 5 बार किया है आउट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लो भइया आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में पहुंचे नहीं कि आरसीबी ने चल दिया मास्टर स्ट्रोक. टीम में ले आया उस खिलाड़ी को, जिसकी गिनती दुनिया के सबसे लंबे खिलाड़ियों में होती है. और, जिसका नाम है ब्लेसिंग मुजरबानी. 28 साल के मुजरबानी, जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज हैं और आरसीबी की ओर से आईपीएल 2025 का प्लेऑफ खेलने आए हैं.

आरसीबी ने उन्हें लुंगी एन्गिडी के रिप्लेसमेंट के तौर पर लिया है. ब्लेसिंग मुजरबानी की हाईट 6 फीट 8 इंच बताई जाती है. अब इस हिसाब से ये भी उतने ही लंबे हुए जितने कि मार्को यानसन. उनकी भी लंबाई 6 फीट 8 इंच है. इस तरह से ये दोनों मौजूदा क्रिकेट के दो सबसे लंबे खिलाड़ी हैं. आरसीबी में जिनकी एंट्री है वो ब्लेसिंग मुजरबानी हैं. यानी वो तेज गेंदबाज जिनके आगे क्रिकेट की पिच पर पाकिस्तान के सबसे बड़े बल्लेबाज बाबर आजम के भी पांव



कांपते हैं.

### लुंगी एन्गिडी को रिप्लेस करेंगे मुजरबानी

खैर, मुजरबानी और बाबर आजम का किस्सा हम बताएंगे. पहले जरा ये जान लीजिए कि उन्होंने लुंगी एन्गिडी को रिप्लेस क्यों किया?ऐसा इसलिए क्योंकि डब्ल्यूटीसी फाइनल को देखते हुए साउथ अफ्रीका ने अपने सभी खिलाड़ियों को 26 मई तक आईपीएल से वापस बुलाया है. लुंगी एन्गिडी भी साउथ अफ्रीका के प्रमुख गेंदबाज हैं, जो कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस टीम का अहम चेहरा होंगे. हालांकि लुंगी एन्गिडी आरसीबी के लिए उसका अगला मैच खेलेंगे, जो कि 23 मैच को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बेंगलुरु में है. मतलब ये कि मुजरबानी अगले मैच में आरसीबी के लिए खेलते नहीं दिखेंगे. मगर उसके आगे आखिरी ग्रुप स्टेज मैच और फिर प्लेऑफ में मुजरबानी का फायदा उठा सकती है.

आइए अब आपको बताते हैं कि 6 फीट 8 इंच लंबे ब्लेसिंग मुजरबानी के आगे पाकिस्तान के सबसे बड़े बल्लेबाज बाबर आजम के पांव कैसे कांपते हैं. अभी तक मुजरबानी इंटरनेशनल क्रिकेट में बाबर को 5 बार आउट कर चुके है, जो कि उनके हावी होने का सबसे बड़ा सबूत है. इस दौरान बाबर आजम ने उनके खिलाफ 105 गेंदों में 106 रन 21. 20 की बेहद मामूली औसत से बनाए हैं.

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच BCCI ने PCB को दिया बड़ा झटका

## एशिया कप खेलने से किया इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एशियाई क्रिकेट परिषद के सभी आयोजनों से फिलहाल दूरी बनाने का फैसला किया है।

सूचित किया है कि वह अगले महीने श्रीलंका में होने वाले वुमेंस इमर्जिंग टीमें एशिया कप और सितंबर में होने वाले पुरुष एशिया कप से हट रहा है। इससे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को आर्थिक नुकसान हो सकता है। वर्तमान में ACC का नेतृत्व पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी कर रहे हैं, जो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय पाकिस्तान क्रिकेट को अलग-थलग करने की रणनीति का हिस्सा है।

भारतीय टीम उस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकती, जिसका



आयोजन एसीसी कर रही हो और जिसका प्रमुख एक पाकिस्तानी मंत्री हो। यह देश की भावना है। हमने एसीसी को मौखिक रूप से वुमेंस इमर्जिंग टीमें एशिया कप से हटने की जानकारी दे दी है, और भविष्य में उनके आयोजनों में हमारी भागीदारी भी फिलहाल रुकी हुई है। हम भारतीय सरकार के साथ लगातार संपर्क में हैं।

### क्या नहीं होगा एशिया कप का आयोजन?

इस रुख से सितंबर में भारत में होने वाले पुरुष एशिया कप पर सवालिया निशान लग गया है। इस टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका की टीमें हिस्सा लेने वाली थीं, लेकिन अब इसे स्थगित किए जाने की संभावना है।

सूत्रों का कहना है कि बीसीसीआई को पता है कि भारत के बिना एशिया कप का आयोजन व्यवहारिक नहीं है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट आयोजनों के अधिकांश प्रायोजक भारत से हैं। इसके अलावा, भारत-पाकिस्तान मुकाबले के बिना एशिया कप प्रसारकों के लिए आकर्षक नहीं होगा, जो इस टूर्नामेंट की वित्तीय सफलता का प्रमुख हिस्सा है।

2024 में एशिया कप के प्रसारण अधिकार सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने अगले आठ वर्षों के लिए 170 मिलियन अमेरिकी डॉलर में हासिल किए थे। यदि इस बार टूर्नामेंट नहीं होता, तो इस सौदे पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है।

CC के पांच पूर्ण सदस्य- भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान को प्रसारण राजस्व का 15 प्रतिशत हिस्सा मिलता है, जबकि बाकी राशि सहयोगी और संबद्ध सदस्यों में वितरित की जाती है।

### हर मोर्चे पर फिसड्डी साबित हुआ है पाकिस्तान

पिछले साल 2023 में भी एशिया कप भारत-पाकिस्तान स्थिति से प्रभावित हुआ था। पाकिस्तान द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में भारत ने सीमा पार करने से इनकार कर दिया था। बीसीसीआई ने सुनिश्चित किया कि भारत अपने मैच श्रीलंका में खेले। पीसीबी के लिए यह आयोजन निराशाजनक रहा, क्योंकि पाकिस्तान फाइनल में नहीं पहुंच सका और भारत ने कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ खिताबी मुकाबला जीता।

# इजराइल ने जाने-माने जासूस की फांसी के 60 साल बाद उससे जुड़े सीरियाई अभिलेख बरामद किए

» तेल अवीव, भाषा।

इजराइल ने सीरिया में एक गोपनीय अभियान के बाद, एक प्रसिद्ध इजराइली जासूस से संबंधित हजारों सामग्रियां बरामद की हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सीरिया के राजनीतिक क्षेत्र में घुसपैठ करने वाले इजराइली जासूस एली कोहेन से संबंधित 2,500 वस्तुओं में से कुछ को कोहेन की पत्नी नादिया कोहेन के साथ रविवार को साझा किया। कोहेन को 60 साल पहले दमिश्क के एक चौराहे पर फांसी दे दी गई थी। हाल में इजराइल में लाई गई वस्तुओं में दस्तावेज, रिकॉर्डिंग, फोटो, जनवरी 1965 में एली के पकड़े जाने के बाद सीरियाई खुफिया विभाग द्वारा एकत्र की गई वस्तुएं, इजराइल में उनके परिवार को लिखे उनके हस्तलिखित पत्र, सीरिया में मिशन के दौरान उनकी गतिविधियों की तस्वीरें तथा पकड़े जाने के बाद उनके घर से ले जाई गई व्यक्तिगत वस्तुएं शामिल हैं। इजराइल लाए गए सामान के सूटकेसों में हस्तलिखित पत्रों के पुराने फोल्डर, दमिश्क में एली कोहेन के अपार्टमेंट की चाबियां, पासपोर्ट एवं फर्जी पहचान पत्र संबंधी दस्तावेज, विशिष्ट लोगों एवं स्थानों पर नजर रखने के लिए मोसाद के मिशन तथा एली की जेल से रिहाई के लिए नादिया कोहेन द्वारा विश्व के नेताओं से की गई अपील से जुड़े सभी दस्तावेज शामिल हैं।



सीरिया में एली कोहेन की सफलता, जासूसी एजेंसी मोसाद की पहली बड़ी उपलब्धियों में से एक थी और उनके द्वारा प्राप्त अत्यंत गोपनीय खुफिया जानकारी को 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध में इजराइल की त्वरित जीत में अत्यधिक मददगार होने का श्रेय दिया जाता है।एली कोहेन 1960 के दशक की शुरुआत में इजराइल के कट्टर दुश्मन सीरिया के राजनीतिक एवं सैन्य अधिकारियों के साथ घनिष्ठ संपर्क बनाने में कामयाब रहे और अंततः सीरिया के रक्षा मंत्री के शीर्ष सलाहकार बन गए। कोहेन को 1965 में इजराइल को सूचना प्रसारित करते हुए पकड़ा गया। उन पर मुकदमा चलाया गया और 18 मई, 1965 को दमिश्क के एक चौक पर उन्हें फांसी पर लटका दिया गया। उनके अवशेष अभी तक इजराइल को सौंपे नहीं गए हैं। इजराइल में एली को राष्ट्रीय नायक माना जाता है। नेतन्याहू ने रविवार को एरुशलम में नादिया कोहेन से कहा, 60 साल से सीरियाई खुफिया एजेंसियों के पास सुरक्षित उनसे (एली कोहेन से) जुड़े अभिलेखों को लाने के लिए मोसाद और इजराइल ने एक विशेष अभियान चलाया। नेतन्याहू ने कहा, एली एक इजराइली नायक हैं। वह इजराइली खुफिया एजेंसी के सर्वाधिक बेहतरीन एजेंट थे। उनके जैसा कोई नहीं हुआ।

## इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने माना कि सहयोगियों के दबाव में बहाल की गाजा सहायता



**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को स्वीकार किया कि उन्होंने गाजा को सहायता बहाल करने का निर्णय सहयोगियों के दबाव के कारण लिया है। नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो बयान में कहा कि इजराइल के सहयोगियों ने भूख से जुड़ी तस्वीरों के बारे में चिंता व्यक्त की। नेतन्याहू ने कहा कि दुनिया में इजराइल के सबसे बड़े दोस्तों ने कहा कि एक चीज है जिसे हम बर्दाश्त नहीं कर सकते। हम भूख, भूख की तस्वीरों को स्वीकार नहीं कर सकते। हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। हम आपका समर्थन नहीं कर पाएंगे। नेतन्याहू ने कहा, इसलिए जीत हासिल करने के लिए हमें किसी तरह समस्या का समाधान करना होगा। उन्होंने कहा कि जो सहायता दी जाएगी वह न्यूनतम होगी। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह सहायता कब से बहाल होगी। इजराइल ने रविवार को कहा कि वह मार्च की शुरुआत से आयात पर पूरी तरह रोक लगाने के बाद युद्धग्रस्त क्षेत्र में सहायता आपूर्ति फिर से शुरू करेगा। इजराइल का कहना है कि ईंधन, खाद्य और दवाइयों सहित सामानों पर रोक का उद्देश्य गाजा में चरमपंथी समूह हमास पर दबाव बढ़ाना है। इजराइल का कहना है कि ये सभी तरीके हमास को इजराइल की शर्तों पर युद्ध विराम समझौते के वास्ते सहमत करने के लिए हैं।

## इजराइली सेना ने गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर को खाली करने का आदेश दिया

**तेल अवीव।** इजरायली सेना ने गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर खान यूनिस और आसपास के कस्बों के निवासियों को क्षेत्र खाली करने का सोमवार को आदेश जारी किया। सैन्य प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आदेश पोस्ट करते हुए कहा कि पूरा क्षेत्र एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र माना जाएगा। क्षेत्र खाली करने का यह आदेश ऐसे समय में आया है जब इजराइल ने गाजा में युद्ध तेज कर दिया है।

कई नेताओं ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित

» वाशिंगटन, भाषा।



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित हैं। उनके कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। बाइडन के कार्यालय ने बताया कि 82 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति की मूत्राशय संबंधी परेशानियों के कारण जांच की गई जिसमें चिकित्सकों को उनके प्रोस्टेट में एक गांठ का पता चला। शुक्रवार को उनके प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित होने की पुष्टि हुई और जांच में यह भी पता चला कि कैंसर की कोशिकाएं हड्डी तक फैल गई हैं। बाइडन के कार्यालय ने बताया कि बीमारी का यह अधिक गंभीर रूप है। कार्यालय के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति और उनका परिवार चिकित्सकों के साथ उपचार के संबंध में विचार विमर्श कर रहा है। प्रोस्टेट कैंसर की गंभीरता को ग्लीसन स्कोर पर क्रम दिया जाता है। यह स्कोर छह से 10 तक होता है जिसमें आठ, नौ और 10 स्कोर अत्यधिक गंभीर श्रेणी में आते हैं। बाइडन के कार्यालय ने कहा कि उनका स्कोर नौ है, जो दर्शाता है कि उनका कैंसर अत्यधिक गंभीर की श्रेणी में आता है। बाइडन की बीमारी सामने आने पर कई नेताओं ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह इस खबर से दुखी हैं।

उन्होंने कहा, हम जो के शीघ्र और पूरी तरह से स्वस्थ होने की कामना करते हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सोशल मीडिया पर लिखा, जो एक योद्धा हैं और मुझे पता है कि वह उसी ताकत और आशा के साथ डटकर इस चुनौती का भी मुकाबला करेंगे, जिसने हमेशा उनके जीवन और नेतृत्व को परिभाषित किया है। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि उनकी प्रार्थनाएं बाइडन के साथ हैं, उन्होंने उनकी दृढ़ता की सराहना की। ओबामा ने सोशल मीडिया पर लिखा, किसी ने भी कैंसर का सफल उपचार खोजने के लिए जो से ज्यादा काम नहीं किया है और मुझे यकीन है कि वह अपने विशिष्ट संकल्प और शालीनता के साथ इस चुनौती से लड़ेंगे।

## पुतिन, जेलेंस्की के साथ बातचीत करेंगे : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस के नेता व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ सोमवार को फोन पर बात करेंगे। ट्रंप ने उम्मीद जताई है कि इस बातचीत से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध विराम समझौता कराने की दिशा में प्रगति होगी। ट्रंप ने सप्ताहांत में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर सोमवार को सार्थक दिन रहने और युद्ध विराम की दिशा में प्रगति की उम्मीद जताई। वह उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों के नेताओं से भी फोन पर बात करेंगे। ट्रंप फरवरी 2022 में रूस के आक्रमण के साथ शुरू हुए युद्ध को समाप्त कराने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया था कि वह पुनः राष्ट्रपति चुने जाने के बाद इस संघर्ष को जल्द सुलझा लेंगे। ट्रंप ने सप्ताहांत में ट्रुथ सोशल पर लिखा, उम्मीद है कि यह एक सार्थक दिन होगा, युद्धविराम होगा और बहुत हिंसक युद्ध- एक ऐसा युद्ध जो कभी नहीं होना चाहिए था, समाप्त हो जाएगा।

## कंबोडिया के अंकोरवाट यूनेस्को स्थल पर आकाशीय बिजली गिरने से तीन की मौत

**बैंकॉक।** कंबोडिया के प्रसिद्ध अंकोरवाट मंदिर परिसर में घूमने गए तीन लोगों की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह स्थल यूनेस्को की ऐतिहासिक धरोहरों की सूची में शामिल है। पर्यटक शुक्रवार दोपहर को मुख्य मंदिर के आसपास शरण ले रहे थे तभी बिजली गिरी। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में घटना के बाद दो एंबुलेंस को आते हुए देखा गया और मौके पर मौजूद लोगों और अधिकारियों को कुछ घायलों को ले जाते हुए और दूसरों को बाहर निकलने में मदद करते हुए देखा गया। अन्य तस्वीरों में अस्पताल में कई लोगों का इलाज होते हुए देखा जा सकता है। घटना के अगले दिन कंबोडिया के पर्यटन मंत्री हौत हक ने एक बयान जारी कर लोगों से घटना से जुड़े ऑनलाइन पोस्ट हटाने को कहा, साथ ही कहा कि नकारात्मक सूचना के प्रसार से देश के पर्यटन क्षेत्र को नुकसान हो सकता है। अधिकारियों ने घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है लेकिन सोमवार को एक अधिकारी ने मामले की संवेदनशीलता के कारण नाम न बताने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस से बातचीत करते हुए इस बात की पुष्टि की कि बिजली गिरने से तीन लोग मारे गए हैं।जो सभी कंबोडियाई नागरिक हैं। प्रधानमंत्री हुन मानेट नीत कंबोडिया सरकार सूचनाओं पर कड़ी पकड़ रखती है।

## जयशंकर तीन दिनों की यात्रा के पहले चरण में नीदरलैंड पहुंचे



**हेग।** विदेश मंत्री एस जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से नीदरलैंड के नेतृत्व के साथ वार्ता करने के लिए सोमवार को यहां पहुंचे। वह तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में नीदरलैंड पहुंचे हैं, जिसके बाद वह डेनमार्क और जर्मनी जाएंगे। भारत और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के बीच चार दिनों के सैन्य टकराव के बाद जयशंकर की यह पहली विदेश यात्रा है। हेग स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर आज आधिकारिक यात्रा पर नीदरलैंड पहुंचे। उनका स्वागत राजदूत कुमार तुहिन और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय की प्रोटोकॉल निदेशक गैब्रिएला सैंसिसी ने किया। इस यात्रा से भारत-नीदरलैंड संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा। जयशंकर तीनों देशों के नेतृत्व से मिलेंगे तथा द्विपक्षीय संबंधों एवं परस्पर हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों के संपूर्ण पहलुओं पर अपने समकक्षों के साथ चर्चा करेंगे। ऐसी उम्मीद है कि जयशंकर तीनों देशों के विदेश मंत्रियों को पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के भारत के फैसले से भी अवगत कराएंगे।

# अर्जेंटीना में स्थानीय चुनाव में राष्ट्रपति माइली की पार्टी की जीत

» ब्यूनस आयर्स, भाषा।



अर्जेंटीना में कभी मध्यमार्गी-दक्षिणपंथ के गढ़ रहे ब्यूनस आयर्स क्षेत्र के स्थानीय चुनाव में राष्ट्रपति जेवियर माइली की पार्टी ला लिबर्टाड अवांजा या एलएलए ने जीत हासिल की। देश की राजधानी ने मुख्य रूढ़ीवादी पार्टी को नकार दिया, वहीं इस जीत से इस वर्ष के अंत में होने वाले मध्यावधि चुनाव में माइली को लाभ मिलने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। माइली की पार्टी के शीर्ष उम्मीदवार और आधिकारिक प्रवक्ता मैनुअल एडोर्नी ने ब्यूनस आयर्स चुनाव में 30 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त कर जीत हासिल की तथा पूर्व राष्ट्रपति मौरिसियो मैक्री की मध्यमार्गी-दक्षिणपंथी पार्टी को उसके गढ़ में परास्त कर दिया।

माइली की पार्टी एलएलए ने कहा कि 2023 में हुए पिछले स्थानीय चुनाव की तुलना में रविवार को उसे दोगुने वोट मिले। चनाव के बाद की एक रैली में माइली ने मंच से लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आज स्वतंत्रता के विचारों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। इस चुनाव में मैक्री की पार्टी पीआरओ (रिपब्लिकन प्रपोजल) को करारी हार का सामना करना पड़ा, जिसने पिछले 18 वर्ष ब्यूनस आयर्स पर शासन किया है। पीआरओ उम्मीदवार सिल्विया लोस्पेनाटो 15.9 प्रतिशत वोट के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

न्यूज ब्रीफ

## भारत ने मालदीव के साथ 13 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए

» माले, भाषा।




भारत ने मालदीव के साथ 13 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें 10 करोड़ मालदीव रुपए के अनुदान से नौका सेवाओं को बढ़ाने, समुद्री संपर्क का विस्तार करने और सामुदायिक आजीविका को बढ़ाने वाली परियोजनाएं शामिल हैं। इन समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर रविवार को हस्ताक्षर किए गए, जो भारतीय अनुदान सहायता योजना- उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजना (एचआईसीडीपी) चरण-3 के तहत लागू की जाने वाली परियोजनाओं के लिए हैं। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हस्ताक्षर समारोह विदेश मंत्रालय में आयोजित हुआ, जो दोनों देशों के बीच लगातार मजबूत होती साझेदारी में एक और मील का पत्थर है।

इस चरण के तहत शुरू की गई 13 परियोजनाओं की कुल अनुदान राशि 10 करोड़ मालदीव रुपए (लगभग 55 करोड़ भारतीय रुपए) है। मालदीव में भारत के उच्चायोग ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत और मालदीव ने 18 मई को एचआईसीडीपी 3 के तहत 10 करोड़ मालदीव रुपए के अनुदान के साथ मालदीव में नौका सेवाओं को बढ़ाने के लिए 13 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। भारत, मालदीव के लोगों के लिए समुद्री संपर्क बढ़ाने के लिए मालदीव सरकार के साथ साझेदारी करके खुश है। मालदीव सरकार की ओर से विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील और मालदीव में भारत के उच्चायुक्त जी बालासुब्रमण्यम ने समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बमबारी में चार लोगों की मौत, 20 अन्य घायल

» कराची, भाषा।



पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक बाजार के निकट बम विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। सोमवार को मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। विस्फोट रविवार को बलूचिस्तान के किला अब्दुल्ला जिले में जब्बार मार्केट के पास हुआ, जिससे इमारत को भारी नुकसान पहुंचा और व्यापक पैमाने पर दहशत फैल गई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, विस्फोट के बाद कई दुकानें ढह गईं और कई प्रतिष्ठानों में आग लग गई। किला अब्दुल्ला के उपायुक्त रियाज खान ने बताया कि विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए।

उन्होंने बताया कि यह बाजार फ्रंटियर कोर (एफसी) किले की पिछली दीवार के पास स्थित था। विस्फोट के बाद अज्ञात हमलावरों और एफसी कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने इलाके को सील कर दिया और व्यापक तलाशी एवं इलाके को खाली कराने का अभियान शुरू किया। घायलों में कबायली बुजुर्ग हाजी फैजुल्लाह खान गबीजई का एक सुरक्षा गार्ड और कई अन्य लोग शामिल हैं। विस्फोट खुजदार जिले के नाल इलाके में एक चेक पोस्ट पर अज्ञात हथियारबंद लोगों द्वारा की गई घातक गोलीबारी में चार लेवी कर्मियों की जान जाने के कुछ दिनों बाद हुआ है। पाकिस्तान में लेवी कर्मी अर्द्ध-सैनिक बल होते हैं जो बलूचिस्तान जैसे जनजातीय क्षेत्रों, ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा और कानून प्रवर्तन के लिए जिम्मेदार होते हैं। बलूचिस्तान लगभग दो दशकों से अशांति का सामना कर रहा है और स्थानीय जातीय बलूच समूहों और पार्टियों का आरोप है कि संघीय सरकार प्रांत की खनिज संपदा का दोहन कर रही है।

## सीएम उमर ने खीर भवानी मंदिर में की पूजा



*गांदरबल। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को गांदरबल जिले में खीर भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद वह कश्मीरी पंडितों के लिए बेहद खास इस धार्मिक स्थल पर पहुंचे हैं। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि आगामी खीर भवानी मेला और अमरनाथ यात्रा में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने यात्रा के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।*

## मानसरोवर यात्राः मार्ग में टूटकर गिरा पहाड़, ठप हुई आवाजाही

एजेंसी ▸▸ पिथौरागढ़



उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में पहाड़ी दरकने से कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग बंद हो गया है। वाहनों का संचालन ठप होने से सैकड़ों की संख्या में यात्री मार्ग में फंसे हुए हैं। आपदा प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग पर ऐलागाड़ और कुलागाड़ के बीच में सोमवार देर रात विशालकाय चट्टान खिसककर सड़क पर आ गया। इससे वाहनों का संचालन ठप है। आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन को जा रहे और लौट रहे यात्री मार्ग में ही फंसे हुए हैं।

## पीएम ने दी जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज को पदभार ग्रहण करने पर बधाई

पीएम मोदी ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं भारत-जर्मनी





▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फोन पर हुई बातचीत में जर्मनी के नए चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ उन्हें पदभार ग्रहण पर बधाई दी। भारत और जर्मनी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से बात की और उन्हें पदभार ग्रहण करने की बधाई दी। इस दौरान दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इसके अलावा साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### जर्मन चांसलर को दिया भारत यात्रा का न्योता

*विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में एक बयान जारी कर बताया कि पीएम ने अपनी बातचीत में जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज को भारत यात्रा का न्योता दिया। दोनों नेताओं ने भविष्य में एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने पर सहमति प्रदान की। साथ ही आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए बनी हुई साझा प्रतिबद्धता को भी बातचीत के दौरान दोहराया गया। बीते 25 वर्षों में भारत और जर्मनी सामरिक भागीदारी में हुई सराहनीय प्रगति पर भी दोनों शीर्ष नेताओं ने प्रकाश डाला। पीएम मोदी और जर्मनी के चांसलर द्विपक्षीय संबंधों (व्यापार, निवेश, रक्षा-सुरक्षा, नवाचार-तकनीक जैसे क्षेत्र शामिल) को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निकटता से साथ काम करने पर भी राजी हैं। दोनों ने भारतीय समुदाय, प्रवासियों के जर्मनी में सकारात्मक योगदान को भी बातचीत में शामिल किया।*

दुर्भावना से प्रेरित होने और तथ्यों या इतिहास की पूर्ण अवहेलना करने का आरोप लगाया गया : निताशा कौल

# भारत विरोधी गतिविधियों के आरोप में ओसीआई रद्द : ब्रिटेन की शिक्षाविद का दावा

» लंदन, भाषा।

लंदन स्थित वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय में राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की एक ब्रिटिश कश्मीरी प्रोफेसर ने दावा किया है कि कथित भारत विरोधी गतिविधियों के कारण भारतीय अधिकारियों ने उनकी प्रवासी भारतीय नागरिकता (ओसीआई) रद्द कर दी है। निताशा कौल ने रविवार को सोशल मीडिया पर भारत सरकार से प्राप्त पत्र का विवरण पोस्ट किया, जिसमें उन पर दुर्भावना से प्रेरित होने और तथ्यों या इतिहास की पूर्ण अवहेलना करने का आरोप लगाया गया है। यह घटनाक्रम फरवरी में उनके पिछले पोस्ट के बाद सामने आया है, जब शिक्षाविद ने कथित तौर पर बेंगलुरु में एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत में प्रवेश न करने देने को लेकर पलटवार किया था।



कौल ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, जानती हूं कि नफरत के खिलाफ बोलने पर भारत में शिक्षाविदों को गिरफ्तार करना भारत के बाहर के शिक्षाविदों के लिए देश और परिवार तक पहुंच को खत्म करने से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, विचार यह है कि एक संकेत दिया जाए - हमें अंदर से चुनौती देने की हिम्मत मत करो और बाहर के लोगों को संदेश देने के लिए जो कुछ हो रहा है उसका विश्लेषण करने की हिम्मत मत करो। लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा निर्धारित ओसीआई नियमों के तहत भारत सरकार कानून द्वारा स्थापित भारतीय संविधान के प्रति प्रवासी नागरिक की ओर से दुर्भावना व्यक्त किए जाने जैसे कुछ विशिष्ट आधारों पर किसी भी व्यक्ति का ओसीआई पंजीकरण रद्द कर सकती है। भारत सरकार से कथित रूप से प्राप्त निरस्तीकरण दस्तावेज़ के एक अंश में कौल पर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई शत्रुतापूर्ण लेखन, भाषण और पत्रकारिता गतिविधियों का आरोप लगाया गया है, जो भारत की संप्रभुता के मामलों में भारत और उसके संस्थानों को निशाना बनाते हैं। वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर स्टडी ऑफ डेमोक्रेसी की निदेशक कौल ने ओसीआई रद्द किए जाने की निंदा करते हुए इसे बुरा इरादा, प्रतिशोधी, अंतरराष्ट्रीय दमन का क्रूर उदाहरण बताया और दावा किया कि उन्हें अल्पसंख्यक विरोधी और लोकतंत्र विरोधी नीतियों पर विद्वतापूर्ण कार्य के लिए दंडित किया गया है। मामले में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग से बयान के लिए संपर्क किया गया है।

13 से 16 मई तक भारत में किया गया आयोजन

# विमानवाहक पोत प्रौद्योगिकी को लेकर संपन्न हुई भारत-अमेरिकी समूह की बैठक

▸▸ नई दिल्ली

भारत-अमेरिका रक्षा प्रौद्योगिकी और व्यापार पहल (डीटीटीआई) के तहत गठित किए गए विमानवाहक पोत प्रौद्योगिकी सहयोग पर दोनों देशों के संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजीएसीटीसी) की 8वीं बैठक देश में सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। 13 से 16 मई तक नई दिल्ली और गोवा में इसका आयोजन किया गया था। नौसेना ने मंगलवार को बताया कि 13 मई को नई दिल्ली में उद्घाटन सत्र में भारत से रियर एडमिरल विशाल बिश्नोई (सहायक नियंत्रक, विमानवाहक परियोजनाएं) ने बैठक की सह-अध्यक्षता की। जबकि अमेरिका से विमानवाहक पोत



कार्यक्रम से जुड़े कार्यकारी अधिकारी रियर एडमिरल केसी मोटन की अगुवाई में छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बैठक में शामिल हुआ। अमेरिकी नौसैन्य अधिकारी ने संयुक्त कार्य समूह के महत्व और बीते दस वर्षों में इसमें हुई प्रगति पर चर्चा की। विमानवाहक पोत के बारे में जरूरी जानकारी साझा किए जाने पर दोनों पक्षों ने संयुक्त कार्य समूह के कार्य की सराहना की। इसके अलावा संबंधित पोत प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं से संबंधित भविष्य सहयोग योजनाओं पर चर्चा के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया।

**रक्षा प्रतिष्ठानों का दौरा किया:** नौसेना के मुताबिक, रियर एडमिरल मोटन और उनके प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली और गोवा में मौजूद भारत के कई महत्वपूर्ण रक्षा प्रतिष्ठानों का दौरा किया। गोवा में आयोजित की गई बैठक में भारतीय नौसेना के विमानन विशेषज्ञों के साथ विमानवाहक पोत संचालन के साथ ही तकनीकी पहलुओं पर पेशेवराना अंदाज में व्यापक चर्चा की गई। यह बैठक विमानवाहक पोत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग के लिहाज से परस्पर लाभकारी साबित हुई है।

**भारत के पास दो विमानवाहक पोत:** यहां बता दें कि भारत के पास वर्तमान में रूस में निर्मित आईएनएस विक्रमादित्य और स्वदेशी आईएनएस विक्रांत नामक दो विमान वाहक युद्धपोत हैं। लेकिन चीन और पाकिस्तान की तरफ से लगातार बढ़ती युद्ध जैसी चुनौती के बीच एक और विमानवाहक युद्धपोत की नौसेना में आवश्यकता बनी हुई है। पिछले साल के अंतिम दिसंबर महीने में नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने भी इसकी पुष्टि की थी। साथ ही कहा था कि नौसेना इस बारे में विचार कर रही है कि स्वदेशी विमान वाहक युद्धपोत (आईएसी)-2 की दिशा में अग्रसर हुआ जाए या आईएसी-1 यानी विक्रांत के आर्डर को ही दोहराने पर प्राथमिकता दी जाए। नौसेना के अनुमान के मुताबिक, आईएसी-2 के निर्माण में कुल करीब 50 हजार करोड़ रुपए की लागत आ सकती है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,